हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 315, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 9 मई, 2023 दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

जाति, मजहब का नहीं सपा व बसपा का कचरा साफ करने का है निकाय चुनाव : सीएम योगी

डबल इंजन सरकार चेहरा देखकर नहीं बल्कि पात्र देखकर योजना का लाभ देती है

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि यह निकाय चुनाव जाति मजहब को लेकर नहीं बल्कि नगरीय जीवन स्तर को मजबूत करने के लिए है। सपा, बसपा के कचरे को साफ करने के लिए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार चेहरा देखकर नहीं बल्कि पात्र देखकर योजना का लाभ देती है। हम सब तुष्टीकरण नहीं बल्कि सशक्तिकरण पर ध्यान देते हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को शहर के जीआईसी ऑडिटोरियम में निकाय चुनावों को लेकर प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि करीब 65 साल शासन करने वाले लोगों ने नारे बहुत दिए मगर उन्होंने गरीब और महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया लेकिन मात्र 9 वर्ष में केंद्र की मोदी सरकार ने लोगों को हर तरह की सुविधा दी। भारत अकेला ऐसा पहला देश है जहां 50 करोड़ गरीबों को मुफ्त इलाज 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन की व्यवस्था की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बाराबंकी के लोगों के लिए लखनऊ और अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले बाराबंकी के लोधेश्वर महादेवा में दर्शन पर पाबंदी थी। सावन में कर्फ्यू जैसा माहौल रहता था लेकिन आज कांवरियों पर पुष्प वर्षा की जाती है। उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है।

इससे पहले मंच पर राज्यमंत्री सतीश शर्मा, सांसद उपेंद्र सिंह रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा, जिलाध्यक्ष शशांक कुसमेश, विधायक दिनेश रावत, साकेंद्र प्रताप वर्मा ने मुख्यमंत्री को माल्यार्पण और गदा भेंट कर स्वागत किया।

सपा प्रत्याशियों के समर्थन में अलीगढ़ पहुंचे अखिलेश यादव, रोड शो से विपक्षियों को दिया संदेश

अलीगढ़। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अलीगढ़ में मेयर प्रत्याशी जमीरउल्लाह खान और नगर पंचायत-पालिका के समर्थन में रोड शो करने पहुंचे। अखिलेश यादव ने रोड शो से विपक्षियों को दमदार विपक्ष का संदेश दिया। रोड शो में सपाईयों ने पैदल और वाहन से मुलायम सिंह यादव अमर रहे और अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे लगाए। अखिलेश यादव धनीपुर हवाई पट्टी पर पहुंचे। उसके बाद वह जमालपुर रोड शो के लिए रवाना हुए। जमालपुर से रोड शो की शुरूआत हुई, अखिलेश यादव खुली जीप में प्रत्याशी जमीरउल्लाह खान और सपा नेता अज्जू इश्हाक के साथ सवार हुए। रोड शो में सपाई पैदल और वाहनों से सपा के झंडे लेकर दिखे। रोड शो में अखिलेश यादव ने जनता से प्रत्याशी जमीरउल्लाह खान और नगर पंचायत और नगर पालिका के सपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। अखिलेश यादव जमालपुर पुल से जीप में बने रथ में सवार होकर रोड शो में वोट मांगते दिखे। रोड शो पुरानी चुंगी स्थित एएमयू सेनेटरी गेट पहुंचा। इसके बाद वे कार में सवार होकर क्वार्सी थाने के सामने रामबाग कालोनी में अतरौली के पूर्व विधायक वीरेश यादव के आवास पर पहुंचे, जहां पूर्व विधायक के नवदंपति पुत्र-बहू को आशीर्वाद दिया। अब अखिलेश यादव आगरा रोड के क्लार्स-इन होटल के लिए रवाना हो गए हैं।

'अली अभी जिंदा है', अतीक की हत्या का बदला लेने की धमकी; कहा- इंशाअल्लाह सत्ता बदलेगी फिर इलाहाबाद बोला जाएगा

प्रयागराज। 15 अप्रैल को प्रयागराज में कॉल्विन अस्पताल के सामने तीन शूटरों ने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी। अतीक अहमद की हत्या के बाद अब सज्जाद नाम के ट्विटर यूजर ने अतीक अहमद की हत्या का बदला लेने की बात कही है। जिसपर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इस यूजर ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- "अभी नसल खत्म नहीं हुई अतीक का बेटा अली अभी जिंदा है। इंशाअल्लाह हालत, वक्त और सत्ता बदलेगी फिर इलाहाबाद भी लिया जाएगा और हिसाब भी पूरा किया जाएगा।" इस ट्वीट के साथ अतीक के बेटे अली का फोटो भी अपलोड किया गया है। हत्या का बदला लेने की धमकी देने पर इस यूजर के खिलाफ साइबर क्राइम थाने में धमकी देने के आरोप एफआईआर दर्ज हुई है। यह एफआईआर एडीजी कानून व्यवस्था के आदेश पर दर्ज हुई है।

दबाव में आए भाजपा सांसद ब्रजभूषण बोले, कुश्ती के लिए सबकुछ लुटा दिया, अपनी जेब से दिए 30 करोड़

लखनऊ। पहलवानों के आरोपों के समर्थन में जाट समुदाय और खाप पंचायतों के उतरने से दबाव में आए भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर अपनी बात रखी। बृजभूषण ने कहा- जो पहलवान धरना दे रहे हैं, हमने हमेशा उनका साथ दिया। देश की कुश्ती के लिए अपना सब कुछ लुटा दिया। अपनी जेब से 30 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। विदेश से मेडल लाने वाले पहलवानों को मैं अपने पास से डॉलर देता था। जो विरोध कर रहे हैं उन सभी लोगों ने मेरे हाथों से डॉलर लिए हैं। यौन शोषण के आरोपी बृजभूषण ने कविताओं के माध्यम से इशारों-इशारों में काफी कुछ कहा। वह बोले- बात ऐसी करो, जिसका आधार हो...। चाचा-ताऊ को संबोधित कर कहा- यह लड़ाई मैं आपके बच्चों (जूनियर पहलवानों) के लिए लड़ रहा हूं। जो बच्चे ओलंपिक का सपना लेकर तैयारी कर रहे हैं। जो परिवार पहलवान को तैयार करने के लिए अपना पेट काटकर व्यवस्था करते हैं, यह लड़ाई उनके हक की है। बृजभूषण ने कहा- चाचा-ताऊ मेरी बात न मानो तो पहलवानी करने वाले अपने गांव के किसी बेटे-बेटी को एक मिनट अकेले में बुलाकर पूछ लेना। खुद ही पता चल जाएगा कि जो आरोप बृजभूषण शरण सिंह पर लगा है वह सही है या गलत। बृजभूषण ने फिर दोहराया- एक भी गुनाह सही साबित हो जाए तो मैं फांसी पर लटक जाऊंगा। इनके पास कोई फोटो या वीडियो नहीं है, मैंने कभी इनको फोन तक नहीं किया। सांसद ने कहा- तीन-चार महीने में जब भी जांच रिपोर्ट आएगी तो मेरे चाचा-ताऊ कहीं आपको पछताना न पड़े। जांच जब भी पूरी होगी तो मैं आपकी खाप पंचायत में आऊंगा। अगर मैं गलत पाया गया तो आप चप्पल से पीट-पीटकर मेरी जीवनलीला समाप्त कर देना। कहा- चाचा-ताऊ किसी स्वाभिमानी आदमी के चरित्र को मार दो तो वह स्वयं ही मर जाएगा। आज यही हो रहा है। यह सब विवाद उस नियम से है जो मैंने बनाया कि कैंप में आना है तो नेशनल खेलना पड़ेगा। कहा- चाचा-ताऊ कॉमनवेल्थ का ट्रायल देख लो, जो हीरो पहलवान हैं उनको विशेष सुविधा न मिलतीं तो मेडल न मिलता। अब मैं नियम में छूट नहीं दूंगा। बृजभूषण ने खाप पंचायतों से कहा कि आप गलती न करें।

यूपी निकाय चुनावः केंद्रीय मंत्री स्मृति ने किया रोड शो, बोलीं- पांच साल में हमारी सरकार ने विकास की गंगा बहाई

अमेठी। केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी ने सोमवार को यूपी निकाय चुनाव में समर्थन जुटाने के लिए जायस नगर पालिका में रोड शो किया। रोड शो में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह भी शामिल रहे। सभी नेताओं ने जायस की भाजपा प्रत्याशी बीना सोनकर को जिताने की अपील की। कहा कि हमारी इज्जत आप के हाथ में है जिस तरह पिछली बार आप लोगों ने महेश सोनकर को जायस की कमान सौंपी थी ठीक उसी प्रकार इस बार उनकी पत्नी बीना सोनकर को ज्यादा से ज्यादा बहुमत से विजयी बनाकर जायस का चेयरमैन बनाएं। स्मृति ने जय श्रीराम का नारा लगाते हुए लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। सांसद ने जायस की जनता को धन्यवाद देते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने इन पांच वर्षों में देखा होगा कि हमारी सरकार ने विकास की गंगा बहाई है।

अरबाज और शूटर विजय चौधरी के एनकाउंटर की जांच के लिए प्रयागराज पहुंचा न्यायिक आयोग, मीडिया को दूर रोका गया

प्रयागराज। उमेश पाल हत्याकांड के बाद सभी पुलिस मुठभेड़ की जांच की जा रही है। जांच के लिए न्यायिक आयोग गठित किया गया है। दो सदस्यीय न्यायिक आयोग की टीम आज प्रयागराज की कौंधियारा और धूमनगंज में हुए दो मुठभेड़ की जांच के लिए आ गई है। प्रयागराज में हुए दो एनकाउंटर में असद के ड्राइवर अरबाज और शूटर विजय चौधरी उर्फ उस्मान के मारे जाने की जांच के लिए न्यायिक आयोग गठित किया गया है। दो सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग टीम में हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज राजीव लोचन महरोत्रा और रिटायर डीजी विजय कुमार गुप्ता शामिल हैं। कुछ देर पहले न्यायिक आयोग की टीम कौंधियारा में मुठभेड़ स्थल पर पहुंची है। छह मार्च को कौंधियारा क्षेत्र में शूटर विजय चौधरी उर्फ उस्मान एनकाउंटर में मारा गया था। बता दें विजय चौधरी उर्फ उस्मान ने ही उमेश पाल पर पहली गोली चलाई थी। न्यायिक आयोग की टीम मुठभेड़ स्थल पर घटनाक्रम के सीन की जानकारी ले रही है। मीडिया को क्राइम सीन से 100 मीटर दूरी पर रोक दिया गया है। कौंधियारा के बाद न्यायिक आयोग की टीम धूमनगंज के नेहरू पार्क जंगल में भी जा सकती है। उमेश पाल और 2 सरकारी गनर की हत्या के बाद 27 फरवरी को क्राइम ब्रांच और धूमनगंज पुलिस ने नेहरू पार्क में हुई मुठभेड़ में अरबाज को ढेर कर दिया था। अरबाज ही उमेश पाल शूटआउट में क्रेटा कार का ड्राइवर था । सरकार ने झांसी में 13 अप्रैल को हुए असद और मोहम्मद गुलाम एनकाउंटर की भी जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया है। इसके अलावा 15 अप्रैल को माफिया अतीक अहमद और अशरफ हत्याकांड की भी 5 सदस्यीय न्यायिक आयोग टीम जांच कर रही है।

राजस्थान के हनुमानगढ़ में मकान की छत पर गिरा मिग-21, तीन की मौत; पायलट सुरक्षित

जयपुर। राजस्थान के हनुमानगढ़ में सोमवार को भारतीय वायु सेना का मिग-21 जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। सेना का हेलीकाप्टर बचाव के लिए दुर्घटनास्थल पर पहुंच गया है। वायु सेना सूत्रों के मुताबिक, विमान ने सूरतगढ़ से उड़ान भरी थी। भारतीय वायु सेना ने अपने बयान में कहा, "विमान का मलबा हनुमानगढ़ जिले के बहलोल नगर में एक घर पर गिर गया, जिससे दुर्भाग्य से तीन लोगों की मौत हो गई। भारतीय वायु सेना जानमाल के नुकसान पर खेद व्यक्त करती है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए एक कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया है। पायलट को सूरतगढ़ बेस से करीब 25 किलोमीटर उत्तर पूर्व में बरामद किया गया।" जिलाधिकारी रुक्मणी रियार ने कहा कि मिग-21 जेट के दोनों पायलट सुरक्षित हैं। जेट हनुमानगढ़ के डाबली इलाके के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वहीं, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जस्साराम बोस ने कहा कि तीन नागरिकों के हताहत होने की सूचना है।

बाहुबली आनंद मोहन की फिर बढ़ी मुश्किलें रिहाई पर सुप्रीम कोर्ट का नीतीश सरकार को नोटिस

पटना। बिहार के बाहुबली नेता और पूर्व सांसद आनंद मोहन की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ सकती हैं। आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नीतीश सरकार व अन्य को नोटिस जारी किया है। आईएएस अधिकारी जी कृष्णैया की हत्या के मामले में दोषी आनंद मोहन को जेल के नियमों में संशोधन कर 27 अप्रैल को रिहा कर दिया था।

बिहार सरकार के इस फैसले को कृष्णैया की पत्नी उमा देवी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। उमा देवी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने नीतीश सरकार समेत अन्य को नोटिस जारी किया है। कोर्ट की इस कार्रवाई का कृष्णैया की पत्नी ने स्वागत किया है। आईएएस अधिकारी जी कृष्णैया की पत्नी उमा देवी ने कहा, हम खुश हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है और नीतीश सरकार व अन्य को नोटिस जारी किया है और 15 दिन के भीतर उनसे जवाब मांगा है। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि सुप्रीम कोर्ट से उन्हें इंसाफ जरूर मिलेगा, क्योंकि मैं अकेली नहीं हूं, पूरा देश मेरे साथ है। जी कृष्णैया की पत्नी उमा देवी की याचिका सुप्रीम कोर्ट में स्वीकार हो गई। इसके बाद उन्होंने कहा, ये अच्छा संकेत है। मुझे न्यायालय पर पूरा भरोसा है।

सुप्रीम कोर्ट हमारे साथ जरूर न्याय करेगा। सर्वोच्च न्यायालय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके फैसले को वापस लेने का आदेश देगा। उमा देवी की ओर से दायर याचिका में आनंद मोहन को फिर से जेल भेजने की मांग की गई है। इस पर आज सुनवाई है। बता दें कि जब आनंद मोहन की रिहाई हुई थी, तब उमा कृष्णैया ने कहा था कि ये वोटबैंक की राजनीति है। बिहार सरकार ने राजपूत वोटों के लिए आनंद मोहन की रिहाई की है। पूर्व सांसद आनंद मोहन को 5 दिसंबर 1994 को हुई डीएम कृष्णैया की पीट-पीट कर हत्या आरोपी बनाया गया। लंबे समय तक मुकदमा चला। इसके बाद साल 2007 में आनंद मोहन को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। तब से वे बिहार की सहरसा जेल में सजा काट रहे थे। हाल ही में नीतीश सरकार ने जेल के नियमों में संशोधन कर 27 कैदियों को रिहा किया, जिनमें आनंद मोहन भी शामिल थे। आनंद मोहन की रिहाई पर खूब सियासी बवाल मचा, लेकिन इस पर आनंद मोहन की ओर से कोई टिप्पणी नहीं आई।

टिल्लू की हत्या पर हाईकोर्ट का तिहाड़ जेल प्रशासन से सवाल- बचाने के लिए क्यों नहीं उठाए कदम

J-8 W-5 CENTER GALLERY CAM-2

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने सोमवार को गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की हत्या को रोकने मे विफल रहने के लिए तिहाड़ जेल के अधिकारियों को फटकार लगाई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने तिहाड़ जेल प्रशासन से सवाल किए हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, हत्या को रोकने के लिए जेल अधिकारियों ने कोई कदम क्यों नहीं उठाए। वहीं, हाईकोर्ट ने जेल प्रशासन से स्टेट्स रिपोर्ट भी मांगी है और साथ ही जेल अधीक्षक को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में मौजूद रहने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि इस तरह की घटना को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। बता दें कि टिल्लू ताजपुरिया के पिता और भाई ने मामले में सीबीआई जांच की मांग के लिए हाईकोर्ट में याचिका डाली थी, जिसकी सुनवाई करते हुए अदालत ने जेल अधिकारियों से सवाल किए। इस मामले में अब अगली सुनवाई 25 मई को होगी।

जंतर-मंतर पर किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं का हंगामा, बैरिकेड तोड़ धरनास्थल की ओर बढ़े

नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर बीते 2 हफ्तों से पहलवानों का प्रदर्शन जारी है। बीते दिनों पहलवानों ने दिल्ली पुलिस पर अपने साथ गलत व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए लोगों से धरनास्थल पर पहुंचने की मांग की थी, जिसके बाद भारतीय किसान यूनियन और संयुक्त किसान मोर्चा का पदाधिकारियों ने अपने-अपने कार्यकताओं से धरनास्थल पर कूच करने का आह्वान किया था। इसके बाद आज सोमवार को किसान यूनियन के कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे हैं, जहां उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी थी। पहलवानों की अपील के बाद जंतर-मंतर पहुंचे किसान यूनियन के कार्यकताओं ने हंगामा शुरू कर दिया है और दिल्ली पुलिस के लगाए को भी कार्यकताओं ने तोड़ दिया है और धरनास्थल की ओर कूच करने शुरू कर दिया है। किसान यूनियन के कार्यकताओं द्वारा बैरिकेड्स तोड़े जाने के बाद दिल्ली पुलिस ने बयान जारी करते हुए कहा कि किसानों के एक समूह को जंतर मंतर ले जाया गया है। वह एंट्री लेकर धरना स्थल पर पहुंचने की जल्दी में थे और इसी वजह से वह बैरिकेड्स पर चढ़ गए जो नीचे गए। अब उन बैरिकेड्स को हटा दिया गया है। पुलिस टीम ने उनके प्रवेश की सुविधा के लिए बैरिकेड्स को पीछे की ओर खींच लिया है। दिल्ली पुलिस ने कहा, "असत्य और भ्रामक खबरों से बचे! जंतर मंतर पर प्रदर्शनकारियों को आवश्यक सहूलियतें दी जा रही है। धरना स्थल पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, आवाजाही DFMD से चेकिंग होने के बाद की जा रही है। कृपया शांति बनाए रखें और कानून का सम्मान करें... जय हिन्द।" बीते दिनों दिल्ली पुलिस से धरना स्थल पर पहलवानों से हुई झड़प के बाद पहलवानों ने किसानों से धरना स्थल पर पहुंचे की अपील की थी, जिसके बाद संयुक्त किसान मोर्चा ने 7 मई को देशभर में पहलवानों के समर्थन में प्रदर्शन करने का एलान किया था। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के अध्यक्ष नरेश टिकैत और किसान नेता राकेश टिकैत अपने कार्यकताओं के साथ पहलवानों का समर्थन करने जंतर मंतर पहुंचे थे। पहलवानों की अपील के बाद हरियाणा की कई खाप पंचायतों और संयुक्त किसान मोर्चा के द्वारा पहलवानों को समर्थन देने और दिल्ली आने की घोषणा के बाद से बदरपुर बॉर्डर, टिकरी बॉर्डर और गाजीपुर बॉर्डर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। पुलिसकर्मियों व अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया है।

दस लाख के इनामी जोनल कमांडर सहित 5 कुख्यात नक्सलियों ने रांची में किया आत्मसमर्पण

रांची। झारखंड पुलिस के सामने आज सोमवार को पांच कुख्यात नक्सलियों ने हथियार डाला। झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के सामने इन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें दस लाख का इनामी भाकपा माओवादी का जोनल कमांडर अमरजीत यादव उर्फ टिंगू भी शामिल है। समर्पण करने वालों में पांच लाख के इनामी सब जोनल कमांडर सहदेव यादव उर्फ लटन, तीन और नक्सली जिनमें दो सब जोनल कमांडर नीरू यादव उर्फ सलीम व संतोष भुईया उर्फ सुकन के अलावा एक दस्ता सदस्य अशोक बैगा उर्फ अशोक परहिया भी शामिल हैं। इन नक्सलियों ने राज्य सरकार की आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति "ऑपरेशन नई दिशा" के तहत आत्मसमर्पण किया। आईजी रांची के कार्यालय में उनका विधिवत आत्मसमर्पण हुआ। इस मौके पर झारखंड पुलिस व सीआरपीएफ के आला अधिकारी भी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि सभी पांचों नक्सली चतरा-गया सीमा पर सक्रिय थे। इनके आत्मसमर्पण से पिछले 30 वर्षों से भाकपा माओवादियों के गढ़ कौलेश्वरी सब जोन का सफाया हो गया। इनका आतंक बिहार और झारखंड में फैला था।

संपादकीय

असुरक्षित जेल

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिस व्यवस्था को सुरक्षा की सबसे मजबूत दीवारों के तौर पर देखा जाता है, उसके भीतर ही अपराधी तत्त्व अराजक तरीके से किसी की हत्या तक कर देते हैं और वहां मौजूद सुरक्षाकर्मी लाचार देखते रहते हैं। सवाल है कि इस हकीकत के बावजूद संबंधित महकमे किस आधार पर अपनी व्यवस्था को सबसे सुरक्षित होने का दावा करते रहते हैं। गौरतलब है कि तिहाड़ जेल में बंद टिल्लू ताजपुरिया नामक एक अपराधी की हाल ही में कुछ कैदियों ने मिल कर हत्या कर दी थी। इस घटना को अंजाम देने में जितना वक्त लगा और उस दौरान हमलावर कैदी जितनी आसानी से टिल्लू पर हमला करते रहे, उतनी देर तक जेल प्रशासन के कुछ कर्मी तमाशा देखते रहे। इस घटना का खौफनाक वीडियो बताता है कि या तो इसके पीछे कोई व्यापक साजिश है या फिर जेल की सुरक्षा व्यवस्था का स्तर निहायत कमजोर है। ऐसा लगता है कि जेल के भीतर कब कैसी घटना होगी, कहा नहीं जा सकता। यों दिल्ली की तिहाड़ जेल को देश की सबसे सुरक्षित और आदर्श माना जाता रहा है। बल्कि अच्छी व्यवस्था का संदर्भ आने पर इसे उदाहरण के रूप में पेश किया जाता रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि पिछले कुछ समय के भीतर ही जेल के भीतर चाकू या अन्य हथियारों से हमले, मारपीट या फिर हत्या तक की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पिछले ही महीने प्रिंस तेवतिया नामक अपराधी की हत्या कर दी गई थी। खबरों के मुताबिक, टिल्लू ताजपुरिया की हत्या करते हुए हमलावरों ने कुछ मिनट तक मारपीट की और चाकू जैसे हथियार से करीब नब्बे वार किए। इतनी देर तक घटना होती रही और जेल प्रशासन से जुड़े लोग तमाशबीन बने रहे। क्या वहां अचानक किसी घटना के होने पर सुरक्षाकर्मियों के बीच सक्रिय होने या प्रतिक्रिया देने का स्तर यही है? हत्या जैसे मामले के अलावा अगर कोई बड़ी वारदात हुई तो वैसे में जेल प्रशासन क्या करेगा? इस तरह की लापरवाह सुरक्षा व्यवस्था के होते हुए यह उम्मीद करना भी शायद बेमानी है कि वहां अंदर में हमले और हत्या जैसे अपराध को अंजाम देना मुश्किल है। खबरों के मुताबिक, केवल अप्रैल में तिहाड़ में जेल नंबर आठ और नौ में कुल बत्तीस बार तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान पंखे के ब्लेड या अन्य चीजों से तैयार किए गए बाईस धारदार चाकू मिले, जबकि तीस से ज्यादा लोहे की छड़ें बरामद की गई थीं। इसके अलावा, कैदियों पर नजर रखने के लिए साठ सुरक्षाकर्मी तैनात होते हैं और वहां कुल नौ सौ पचहत्तर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। फिर जेल प्रशासन कैदियों की सुरक्षा की समीक्षा भी करता रहता है। आखिर इसका हासिल क्या है? जेल की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले उच्चाधिकारियों को क्या यह अंदाजा नहीं होता है कि वहां खतरनाक प्रकृति के अपराधियों को भी लाया जाता है, जो बाहर हुई किसी घटना का बदला लेने या अन्य कारणों से कभी भी बड़े अपराध को अंजाम देने की फिराक में रहते होंगे? कुछ कैदियों को विशेष सुविधाएं मुहैया कराने में मिलीभगत की खबरें भी अक्सर आती रहती हैं। सवाल है कि इतनी सारी उच्च स्तरीय व्यवस्था के बावजूद अगर इस जेल में अपराधी गिरोहों में आपसी मुठभेड़ और उसमें हत्या तक की घटनाएं होती हैं और वहां का सुरक्षा तंत्र लाचार दिखता है तो इसके क्या कारण हैं? यह कैसी व्यवस्था है कि जेल के भीतर भी बाहर की तरह ही समांतर अपराध और अराजकता की दुनिया देखने में आती है!

हुए इकट्ठा लोग!

राजनीतिक गलियारे से ।
हुए इकट्ठा लोग ।।
होड़ लाभ लेने की ।
समय का उपयोग ।।
लगे वो मंडराने ।
बना कर के समूह ।।
है चुनावी बेला ।
रचना चक्रव्यूह ।।
दे रहे भरोसा ।
साथ हम तुम्हारे ।।
है लड़ाई मान की ।
तुम हो सबके प्यारे ।।
ना कभी घबराना ।
दर्द बांटने आए ।।
है दिलाना न्याय ।
जो जो गए सताए ।।

–कृष्णेन्द्र राय

बेदखल होती मानव मेधा

कृत्रिम मेधा मनुष्य जाति के लिए एक बेहतर उपलब्धि हो सकती है, बशर्ते इसका उपयोग मनुष्यता के कल्याण के लिए और मनुष्य के नियंत्रण में हो।प्रकृति के अनेक अनसुलझे रहस्यों को मनुष्य ने अपनी बुद्धिमता के दम पर सुलझाया है, लेकिन उसके द्वारा विकसित कृत्रिम बुद्धिमता ही अब उसके भविष्य के लिए बड़ी चुनौती मानी जा रही है। महत्त्वपूर्ण है कि आधुनिक कृत्रिम मेधा के प्रणेता जेफ्री एवरेस्ट हिंटन तक ने न केवल अपनी ही बनाई एआइ तकनीक को मानवता के लिए खतरनाक बताया है, बल्कि इस तकनीक के विकास के लिए क्षमा मांगते हुए गूगल की नौकरी भी छोड़ दी है।

जेफ्री हिंटन ने सन 1970 में प्रयोगात्मक मनोविज्ञान में स्नातक करने के बाद सन 1978 में कृत्रिम मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस विषय में डाक्टरेट की थी। मनोविज्ञान और तकनीक दोनों के विद्यार्थी होने के कारण वे इस बात को बहुत अच्छी तरह समझ सकते हैं कि अगर कोई भी मशीनी तकनीक मानव नियंत्रण के परे चली गई, तो वह सृष्टि और मनुष्यता का कितना नुकसान कर सकती है। जेफ्री हिंटन हमारे दौर के अकेले वैज्ञानिक नहीं हैं, जिन्होंने तकनीक के अनियंत्रित होने के खतरों की ओर ध्यान आकर्षित किया और जिम्मेदार लोगों का आह्वान किया है कि वे इस खतरे के प्रति सजग रहें। स्टीफन हाकिंग्स ने भी कृत्रिम मेधा के मोह के खतरों के प्रति वैज्ञानिकों को सचेत करते हुए कहा था कि मशीनों को बुद्धि देना मानव इतिहास की सबसे बुरी घटना साबित हो सकती है। पिछले दिनों एक कृत्रिम मेधा तकनीक द्वारा लगातार झूठी खबरों को प्रसारित करना बताता है कि जिस तकनीक को हम मनुष्य की बुद्धिमता के विकल्प के तौर पर आजमाना चाहते हैं, वह अगर मनमर्जी पर उतर आई तो कैसे-कैसे गुल खिला सकती है। उस टूल द्वारा कई लोगों की मृत्यु की झूठी खबर इंटरनेट माध्यमों पर प्रसारित की गई। इन खबरों में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की मृत्यु की झूठी खबर भी शामिल थी।

महात्मा गांधी उन क्षेत्रों में तकनीक के उपयोग के विरोधी थे, जहां वे मानव श्रम के उपयोग की संभावनाओं के लिए खतरा बन जाएं। कृत्रिम मेधा का आधुनिक स्वरूप आने वाले समय में लाखों लोगों के रोजगार छीन सकता है। तब जबकि जनसंख्या और बेरोजगारी- दोनों में इजाफा हो रहा है, यह प्रवृत्ति सामाजिक ढांचे के लिए एक नई चुनौती बन सकती है। वस्तुओं के उत्पादन की प्रक्रिया में गुणवत्ता नियंत्रण, उत्पादन, उत्पादों के लदान जैसे काम अगर रोबोट करने लगें, तो मानव श्रम की उपयोगिता समाप्त हो सकती है। लेखन, संपादन, अनुवाद, शिक्षा, चिकित्सा जैसे कितने ही क्षेत्र हैं, जहां कृत्रिम मेधा मनुष्य के लिए खतरा बन रही है। कहते हैं कि कृत्रिम मेधा तकनीक अपनी मशीनों या कंप्यूटर की प्रोग्रामिंग के हिसाब से ही काम कर सकेगी। लेकिन मूर का एक सिद्धांत है कि मशीनें खुद में ही कई गुना सुधार की सामर्थ्य रखती हैं। कंप्यूटर तकनीक ने इस बात को साबित भी किया है। कृत्रिम मेधा तकनीक के पक्षधरों का कहना है कि मशीनें केवल वही काम करेंगी, जिनके लिए उन्हें प्रोग्राम किया गया है, जबकि मानवीय बुद्धिमता का आकाश अनंत है। लेखन, खेल, कला जैसे क्षेत्रों में, जहां कल्पना और विचारशीलता नए आयाम लेती है, मशीन शायद मनुष्य का मुकाबला न कर सके। मगर 10 फरवरी, 1996 की उस घटना को याद कीजिए जब एक कंप्यूटर ने महान शतरंज खिलाड़ी गेरी कास्पोरोव को हरा दिया था। ऐसा नहीं कि कृत्रिम मेधा मनुष्य के लिए एकदम नया अनुभव है। चालक रहित कारों का प्रयोग, गूगल असिस्टेंट, एलेक्सा या सिरी का उपयोग, कंप्यूटर के माध्यम से विविध आंकड़ों का विश्लेषण या वर्गीकरण जैसी चीजें लोग लंबे समय से कर रहे हैं। हो सकता है कि भविष्य में हमारे हाथ की घड़ियों में ऐसी तकनीक शामिल हो जाए, जो हमारी कलाई की फड़कन को पढ़कर ही भविष्य में हो सकने वाले रोगों के प्रति हमें सचेत कर दे। हमारे कदम, हमारी हृदय गति और हमारा रक्तचाप पढ़ने वाले कलाई-बंध तो पहले ही बाजार में आ चुके हैं। अब तो कुछ ऐप्स का उपयोग करके मोबाइल के माध्यम से भी हम बहुत सारी शारीरिक गतिविधियों का स्वास्थ्य की दृष्टि से मापन कर सकते हैं।

दरअसल, मोबाइल फोन पर ही सबसे ज्यादा कृत्रिम मेधा का नियंत्रण देखा जाता है। आप किसी विषय की एक या दो वीडियो देखते हैं और अचानक आपके मोबाइल पर उसी विषय के वीडियो और उनसे संबंधित विज्ञापन आने लगते हैं। आपके शहर से संबंधित विज्ञापन आपके परदे पर आकर आपका मन लुभाने की कोशिश करते हैं। यह उस तकनीक के कारण होता है, जिसे अल्गोरिदम कहते हैं और जो कृत्रिम मेधा तकनीक का एक महत्त्वपूर्ण उपादान है। अल्गोरिदम के माध्यम से कृत्रिम मेधा आपकी रुचि और आपकी जरूरतों को पकड़ने की कोशिश करती है और इस आधार पर बाजारवादी शक्तियां आपकी सामर्थ्य का अपने हित में उपयोग करने का प्रयास करती हैं। सोशल मीडिया मंच द्वारा अपने उपयोगकताओं का डेटा किसी को बेचने के मूल में यही लालच और यही तकनीक है। कृत्रिम मेधा का इतिहास करीब सत्तर वर्ष पुराना है। अमेरिका के कंप्यूटर विज्ञानी जान मैकार्थी ने सबसे पहले सन 1956 में कृत्रिम मेधा की संकल्पना प्रस्तुत करते हुए उसकी संभावनाओं पर चर्चा की थी। उनका मानना था कि कृत्रिम मेधा कंप्यूटर विज्ञान का ही एक अंग होगा और इसका बुनियादी उद्देश्य ऐसे उपकरण बनाना होगा, जो बुद्धिमता पूर्वक किसी मानव नियंत्रण के बिना अपना काम कर सके। कृत्रिम मेधा पर काम तो 1950 के दशक में ही शुरू हो चुका था, लेकिन इसको पहचान 1970 के दशक में मिलने लगी। इस मामले में जापान ने बाकायदा फिफ्थ जनरेशन (पांचवीं पीढ़ी) नामक एक परियोजना शुरू की थी, जिसमें सुपर कंप्यूटर के विकास के लिए दस वर्षीय कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई थी। जापान के बाद ब्रिटेन ने एल्वी, यूरोपीय संघ ने एस्प्रिट जैसी योजनाएं शुरू कीं और कृत्रिम मेधा पर नए-नए शोधकार्य दुनिया भर में शुरू हो गए। ऐसा नहीं कि कृत्रिम मेधा की महत्ता को पूरी तरह नकार दिया जाना चाहिए। अगर इसकी मदद से गंभीर रोगों का निदान सहजता से होता है, कृत्रिम मेधा वाले उपकरण वंचित वर्ग के लिए सहज सुलभ और सस्ता उपचार संभव बना सकते हैं, गंभीर बीमारियों की संभावना को पहले ही पहचाना जा सकता है, उपेक्षित समाज को सस्ती, श्रेष्ठ और सार्थक शिक्षा दे सकते हैं, मौसम का सटीक अनुमान लगा सकते हैं, सुरक्षा संदर्भों में हमारी मदद करते हैं, तो यह वरेण्य है। मगर अगर इनसे लोगों में रोजगार के प्रति चिंता बढ़ती है, तो हमें सजग रहना होगा। भारत जैसे देशों में, जहां जनशक्ति बड़ी संख्या में मौजूद है, लोगों को काम के अवसरों की अपनी महत्ता है।

हालांकि औद्योगीकरण के समय भी ऐसे ही खतरों को रेखांकित किया गया था, लेकिन समय ने साबित किया कि जीवन उस नदी की तरह है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी श्रेष्ठता और सार्थकता का प्रवाह बनाए रख सकता है। हां, किसी भी परिस्थिति में मशीन को मनुष्य के नियंत्रण से मुक्त किया जाना मानवता के हित में नहीं होगा, क्योंकि वैज्ञानिकों, दार्शनिकों, लेखकों, चिंतकों ने नियंत्रणमुक्त मशीनों के खतरों को बार-बार समझाया है। दिल के साथ दिमाग का संतुलित और संयमित उपयोग मनुष्य को शेष प्राणियों में श्रेष्ठ बनाता है। कृत्रिम मेधा मनुष्य जाति के लिए एक बेहतर उपलब्धि हो सकती है, बशर्ते इसका उपयोग मनुष्यता के कल्याण के लिए और मनुष्य के नियंत्रण में हो।

दायरे में कैद छवियां

Social Media
Facebook
Twitter
Pinterest
Google+
LinkedIn
OneNote

शहर में आयोजित एक सम्मान समारोह में अलग-अलग जगहों से लोग आए थे। उनमें ज्यादातर लिखने-पढ़ने वाले थे। वहां कुछ ही लोग ऐसे थे जो एक दूसरे को व्यक्तिगत रूप से जानते-पहचानते थे। बाकी सोशल मीडिया के किसी न किसी माध्यम से आपस में जुड़े थे। उनमें फेसबुक, वाट्सऐप या इंस्टाग्राम के माध्यम से पहचान स्थापित हो चुकी थी। कुछ की सोशल मीडिया के स्तर पर पक्की मित्रता भी थी, क्योंकि वे एक दूसरे की उपलब्धियों पर अक्सर टिप्पणी करते रहते थे। हैरानी की बात तब ज्यादा सामने आई, जब ऐसे लोग भी एक दूसरे के सामने होने के बावजूद मुश्किल से पहचान पा रहे थे। दरअसल, सोशल मीडिया पर साझा छवियों के माध्यम से लोग अपने मित्रों को जैसा जानते-पहचानते थे, वे वैसे दिखते नहीं थे! वे तस्वीरों में कैद छवियों से अलग थे। इसलिए लोग दिक्कत में थे।

कुछ समय पहले करीब चार दशक पुराने परिचित ने एक अभिनव मिलन समारोह आयोजित किया। सभी सहपाठियों को सपरिवार आमंत्रित किया गया था। वाट्सऐप समूह के माध्यम से एक सूचना प्राथमिकता से रखी गई थी कि सभी मित्रों को अपने दो ताजा छाया चित्र साझा करने होंगे। पहली केवल चेहरे की स्पष्ट तस्वीर और दूसरी पूरे कद की, ताकि मित्रों को पहचानने में असुविधा न हो। दरअसल, छवियां वास्तविकता के लिए कभी पूरी नहीं पड़तीं। जब लोग छवियों की कैद से बाहर निकलते हैं तो पहचाने नहीं जाते। जैसे कोई कैदी जेल से बाहर निकलता है तो लोग सहज ही उसे पहचान नहीं पाते। असल में व्यक्ति की पूरी पहचान उसके चेहरे-मोहरे, कद-काठी, हाव-भाव, बोल-चाल और चाल-चलन से निर्धारित होती है। सोशल मीडिया के चलन में आने के बाद से दुनिया में जान-पहचान का दायरा बढ़ा है, लेकिन सर्वाधिक जान-पहचान केवल चेहरे-मोहरे पर आधारित है।

सोशल मीडिया पर तस्वीरों में कैद खूबसूरत चेहरों के कारण सोशल-मीडियाई दोस्ती भी खूब गुल खिला रही है। यह दोस्ती न केवल प्रेम में, बल्कि प्रेम-विवाह तक भी पहुंच रही है। हालांकि मात्र चेहरे की पहचान व्यक्ति की पूरी पहचान नहीं होती। विवाह को स्थायित्व प्रदान करने के लिए आपसी पहचान की प्रगाढ़ता को जरूरी माना गया है। हालांकि आधुनिक जीवन शैली ने इसके कुछ रास्ते भी खोजे हैं। कुछ समय पहले डेटिंग प्रचलन में आया। दो व्यक्ति दिन का कुछ समय साथ-साथ अकेले में बिताते हैं, ताकि एक-दूसरे को ठीक से पहचान सकें। विवाह के टिके रहने में फिर भी समस्या आई। इसके बाद लिव-इन-रिलेशनसिप यानी सहजीवन अस्तित्व में आया। इसमें युवक और युवती कुछ दिन या कुछ महीने या कई-कई साल तक एक ही घर में एक साथ पति पत्नी की तरह रहते हैं। यह सुनिश्चित करते हैं कि वे एक-दूसरे के साथ विवाह के बंधन में पूरा जीवन गुजार सकेंगे या नहीं। तब भी समुचित परिणाम सामने नहीं आ रहे हैं। पहचान तब भी अधूरी है। चेहरे-मोहरे के अलावा बाकी पहचान निर्धारित करने वाले तत्त्वों का लाभ फिल्मी परदे पर दिखाई देने वाले अभिनेता और अभिनेत्रियों को मिलता रहा है। दर्शक इनको गहराई से पहचानने लगते हैं। वे उन्हें बार-बार अनेक कोण से देखते-सुनते हैं। इसलिए उन्हें उनकी आंख, नाक, ठोंडी या होंठो की बनावट मात्र से पहचान लेते हैं। तस्वीर सामने न हो, तब भी उनकी आवाज, अंदाज या चाल-ढाल से पहचान लेते हैं। बावजूद इसके पहचान अधूरी ही रहती है। एक परिचित एक अभिनेता के बड़े प्रशंसक हैं। किसी काम से मुंबई मायानगरी गए थे। एक व्यावसायिक परिसर में खरीदारी के दौरान उनका प्रिय अभिनेता ठीक उनके सामने था, लेकिन वे उसे पहचान नहीं सके। जब कुछ लोगों की भीड़ ने उस अभिनेता को घेर लिया, तब उन्हें अहसास हुआ। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

अभिनेता के इर्द-गिर्द इतनी भीड़ जमा हो गई थी कि लाख कोशिश करने के बावजूद उसके करीब नहीं पहुंच सके। मित्र हंसकर बताते हैं कि उनका प्रिय अभिनेता एक सामान्य व्यक्ति की तरह बहुत छोटा दिखाई दे रहा था, जबकि बड़े पर्दे पर उन्होंने उसे बड़ा ही देखा है। इसलिए पहचानते हुए भी अपने प्रिय अभिनेता को पहचान नहीं सके और व्यक्तिगत मिलने का सुनहरा अवसर खो बैठे। बहरहाल, असली व्यक्तिगत पहचान का दायरा तस्वीरों या तात्कालिक या छोटी अवधि के लिए मिलने-जुलने के दौरान की पहचान से बहुत बड़ा होता है। बचपन के मित्र बीस-तीस साल के बाद भी जब मिलते हैं तो उन्हें पहचानने में ज्यादा देर नहीं लगती। संबंधों की मजबूती का आधार गहरी व्यक्तिगत पहचान होती है। दुनिया का सबसे बड़ा सच यह भी है कि आदमी की सही पहचान उसके दिल से होती है। यह भी अगर दिल्लगी बन जाए तो जीवन कठिन हो जाता है।

विशेष संवाद : बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की आड में पीएफआई को बचाने का कांग्रेसी षड्यंत्र?

बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की मांग करनेवाले कांग्रेस के विरुद्ध 100 करोड़ की मानहानि का नोटिस ! - श्री. विनोद बंसल, राष्ट्रीय प्रवक्ता, विहिंप

कर्नाटक कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में बजरंग दल की तुलना पॉप्युलर फ्रंट ऑफ इंडिया के साथ कर बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का आश्वासन दिया है । इससे बजरंग दल की बदनामी हुई है; इसलिए बजरंग दल एवं विश्व हिन्दू परिषद के चंडीगढ प्रभाग ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को कानूनी नोटिस भेजकर 100 करोड 10 लाख रुपए की मानहानि का दावा किया है । विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री. विनोद बंसल ने यह जानकारी दी । हिन्दू जनजागृति समिति की ओर से आयोजित बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की आड में पी.एफ.आई. को बचाने का कांग्रेसी षड्यंत्र ? इस विषय पर आयोजित ऑनलाइन विशेष संवाद में वे बोल रहे थे ।

श्री. बंसल ने आगे कहा कि, कांग्रेस आतंकवादियों को बचाने के लिए हिन्दुओं को कलंकित करने का निरंतर प्रयास करती आई है । बजरंग दल का राष्ट्रकार्य अविरत जारी ही है । कोरोनाकाल में, साथ ही विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के समय में बजरंद दल ने सेवाकार्य किया है । कांग्रेस यदि बजरंग दल पर दोष मढकर जिहादी संगठन पी.एफ.आई. को बचाने का प्रयास कर रही हो, तो वो कभी सफल नहीं होंगे। भारत की जनता तथा बजरंगबली के भक्त कांग्रेस को अच्छा पाठ पढाए बिना नहीं रहेंगे ।

कर्नाटक उच्च न्यायालय की अधिवक्ता शुभा नाईक ने कहा कि कर्नाटक कांग्रेस ने भले ही बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की हो; परंतु किसी भी राज्य को किसी भी संगठन पर प्रतिबंध लगाने का कानूनी अधिकार नहीं होता । कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में पी.एफ.आई. पर भी प्रतिबंध लगाने की बात कही है; परंतु जहां केंद्र सरकार ने पी.एफ.आई. पर पहले ही प्रतिबंध लगा दिया हो, तो ऐसे में कांग्रेस उस पर और कैसा प्रतिबंध लगाने जा रही है ? कांग्रेस मुसलमानों की वोटबैंक की राजनीति के लिए यह सब कर रही है ।

हिन्दू जनजागृति समिति के के प्रवक्ता श्री. नरेंद्र सुर्वे ने किहा कि बजरंग दल तथा पी.एफ.आई. की तुलना ही नहीं हो सकती; क्योंकि बजरंग दल एक राष्ट्रभक्त संगठन है, तो पी.एफ.आई. एक राष्ट्रविरोधी एवं आतंकी संगठन है । हिन्दू संगठनों को बदनाम करना कांग्रेस का अभीतक का इतिहास रहा है । केवल बजरंग दल ही नहीं, अपितु कांग्रेस ने इससे पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सनातन संस्था, हिन्दू जनजागृति समिति आदि अनेक हिन्दू संगठनों पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया है; परंतु जिहादी संगठनों पर प्रतिबंध लगाने के लिए कुछ भी नहीं किया है । अब हिन्दू समाज जागृत हो रहा है तथा वह सभी हिन्दू संगठनों के साथ खडा होनेवाला है ।

'पहलवानों के प्रदर्शन में खाप का जुड़ने के कई राजनीतिक मायने- दिनेश प्रसाद सिन्हा, मलावी साउथ अफ्रीका'

जंतर मंतर पर पहलवानों कि प्रदशन में को तीन घंटे से ज्यादा वक्त तक खापों की पंचायत चली जिसमें राकेश टिकैत, नरेश टिकैत, पहलवान बजरंग पुनिया और कई खापों के प्रधान और अध्यक्ष इसमें मौजूद रहे। पंचायत इतनी लंबी थी कि दोपहर 12 बजे से शुरू होकर यह 4 बजे तक चली। पंचायत में कई मुद्दों पर चर्चा हुई कि कैसे पहलवानों की लड़ाई को मजबूत किया जाए। हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान की खाप पंचायत और एसकेएम समेत किसान संगठन भी इसका हिस्सा रहे।हालांकि खाप पंचायतें कई मुद्दों पर बैठी थी जैसे प्रदर्शन जारी रखा जाए। थोड़ा वक्त इंतजार किया जाए। पहलवानों के प्रदर्शन के कारक को अगर समझे तो पहलवान सुविधानुसार इसमे बदलाव करते आ रहे है। अब पहलवानों का अब तर्क ये है कि प्राथमिकी तो दर्ज हो गई, मगर कोई एक्शन नहीं हुआ। पहलवानों ने कहा कि वो कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हैं, मगर प्रोजेक्ट जारी रहेगा। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या पहलवानों के लिए खाप पंचायत सुप्रीम कोर्ट से ऊपर हो गई? क्या ये पहलवानों की धमकी है कि उनका फैसला कोई नहीं सिर्फ खाप पंचायत करेगी? एक सवाल ये भी कि अगर पहलवानों को खाप पंचायत का ही फैसला मानना था तो फिर सुप्रीम कोर्ट का रुख क्यों किया? पहलवानों का इस तरह से अरियल रुक शंका पैदा करता है कि क्या वे राजनीति की शिकार हो गए हैं?खाप पंचायतों और राजनीतिक दलों के तरीके से इसमें समर्थन में आ रहे और धीरे-धीरे पत्ते खोल रहे हैं। इससे तो ऐसा ही प्रतीत होता है।

पहलवानों के वक्तव्य में और प्रदेशन से सहानुभूति पाने के लिए उठाए कदम से कई संकेत मिलते है।विवादित बृजभूषण सिंह जब गलत तरीके से महिला पहलवानों के साथ पैसा रहता तो उनको उस वक्त की आवाज उठानी चाहिए थी। इतना लंबा इंतजार क्यों? महिला होने या मेडल प्राप्त कर लेने का अर्थ यह कतई नही हो सकता कि आप राजनैतिक लाभ अथवा कुश्ती संघ से जुड़े रह कर भविष्य में कमाई रास्ता खोजें।आपको पहले बृजभूषण पर भरोसा नहीं है। सरकार द्वारा निर्धारित जांच कमेटी पर भरोसा नहीं। फिर पुलिस पर भरोसा नहीं और अब सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा नहीं। यह पहलवानों पर बहुत बडा प्रश्न चिन्ह लगाता है कि मुद्दा को येन प्रकारेण जिन्दा रखा जाये।प्रदर्शन से जुड़ी महिला पहलवानों ने पिछ्ले 2 वर्षों में कोई भी मेटल नही जीता है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि टीकैत जैसे किसान आंदोलन से नेता और राजनीतिक दल मोदी सरकार को घेरने के लिए विवादित बृजभूषण को निशाना बना रही है ताकि केन्द्र सरकार को परेशान किया जा सके तथा २०२४ के चुनाव में भाजपा कमजोर हो क्योकि वृजभूषण को निगलना या उगलना भाजपा के लिए कठीन मार्ग होगा।

भारतीय कुश्ती संघ दुधारू गाय की तरह है, जिस पर विवादित बृजभूषण सिंह और पुराने खिलाड़ी भी अपनी पकड़ बना करके अपने भविष्य कि आमदनी सुरक्षित रखना चाहते हैं। इस तरह कुश्ती का बंटाधार होना तय है। अतः कह सकते है कि " पहलवानों के बदलते बयान और राजनीतिक दल और खाप पंचायतों का सर्मथन किसान आंदोलन को अलग रूप में जिंदा करने का प्रयास है"

प्रतियोगिता में जीत तथा हार खेल की तरह ही है : प्रो. सानंद सिंह

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। यूथ गेम एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के सौजन्य से राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2023 का आयोजन एवं सफल समापन तकनीकी और संस्कारशाला सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल बोरसिया में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर सानंद सिंह रहे` इस राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो0 सानन्द सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन तथा मां सरस्वती एवं मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया क तत्पश्चात उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिले से आए हुए खिलाड़ियों तथा प्रशिक्षकों का स्वागत किया क विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री चंद्रसेन तिवारी जी को उनके शुभ जन्म दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई देते हुए अपने संबोधन में कहा कि प्रतियोगिता में जीत तथा हार खेल की तरह ही है इसे इसी तरह से लिया जाना चाहिए तथा सफलता के लिए अपना संपूर्ण प्रयास करना चाहिए। इस प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया क मुख्य रूप से वॉलीबॉल, कबड्डी, ताइक्वांडो, कुश्ती, बैडमिंटन, दौड़ तथा अन्य खेलों में खिलाड़ियों ने हिस्सा लियो विभिन्न विद्यालयों के टीम के खिलाड़ियों में बहुत ही कांटे की टक्कर रही` हर प्रतिभागी ने अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया क अंततः प्रतियोगिता का समापन हर खेल के विजेताओं को पुरस्कृत कर किया गया` इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर सानंद सिंह जी के साथ ही सत्यदेव डिग्री कॉलेज के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय, प्रबंधक अमित रघुवंशी, विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी, उपप्रधानाचार्य आवेश कुमार और शिक्षकों में अक्षयवर उपाध्याय, अमित सिंह, शिवांगी सिंह, विष्णु दत्त शर्मा, आशुतोष सिंह, प्रकाश सिंह, श्रेया राय, नितीश शर्मा तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के ही कंदर्प तिवारी तथा शिवांगी सिंह ने किया` साथ ही इस अवसर पर यूथ गेम एसोसिएशन के विनोद सिंह तथा हर विद्यालय के प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के अंत में सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल 23 गोल्ड, 23 सिल्वर और 3 ब्रोंज के साथ प्रथम स्थान पर रहा` सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिभागियों का जोश एवं जीतने का जुनून अति सराहनीय था क और इसी का नतीजा था यूथ गेम्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित स्टेट चैंपियनशिप 2023 का विजेता ट्रॉफी विद्यालय को मिलाक प्रतियोगिता के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने विद्यालय प्रबंधकीय बोर्ड के सभी सदस्यों को, उत्तर प्रदेश के कोने-कोने से आए ट्रेनर्स तथा सभी प्रतिभागियों का हृदय से आभार जताते हुए सबको धन्यवाद ज्ञापित किए साथ ही दिल्ली में 15 मई से होने वाले नेशनल चैंपियनशिप 2023 के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भी दिए।

आग लगी से 30 झोपड़ियां राख, हुआ 5 लाख से अधिक का नुकसान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जमानिया कोतवाली क्षेत्र के ताजपुर माझा गांव के पश्चिम बस्ती में रविवार की शाम अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसके चलते 15 परिवारों के 30 झोपड़ियां एवं उसमें रखा गृहस्थी का पूरा सामान, जानवरों का चारा, अति आवश्यक कागजात आदि जलकर खाक हो गया। काफी प्रयास से करीब 2 घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित राम जी ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ झोपड़ी में आराम कर रहा था। इसी दौरान बस्ती की झोपड़ियों से अचानक धुआं उठने लगा जिसके बाद बस्ती में अफरा तफरी मच गई। यह बताया कि जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक बस्ती की झोपड़ियों में आग की भीषण लपटें उठने लगी। जिससे पूरा भगदड़ का माहौल बन गया, लोग अपने निजी संसाधनों से आग पर काबू पाने में जुट गए। इस अगलगी में राम जी, लोरिक, लालजी, भोरिक, लक्ष्मण, ईश्वर देव, आभा, सौरीक, कपिल देव, मुनि, सोमनाथ, गजेंद्र, राजकिशोर, मोहन तथा सोहन की 22 झोपड़िया जल गई। जबकि इन लोगों की 20 बकरियां, एक दुधारू भैंस जलकर मर गई। वही आग से तीन अन्य जानवर गंभीर रूप से झुलस गए जिन का इलाज पशु चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने किया जिला टॉपरों को सम्मानित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल परीक्षा में 05 एवं इण्टर में 03 परीक्षार्थियों ने प्रदेश में टाप-10 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम उज्जवल किया। साथ ही जनपद में हाईस्कूल का प्रतिशत 91.45 तथा इण्टरमीडिएट में 71.04 प्रतिशत रहा। उक्त के क्रम में प्रदेश स्तर पर एवं जनपद स्तर पर प्रथम 10 रैंक में स्थान प्राप्त करने वाले (14 हाईस्कूल एवं 14 इण्टरमीडिएट) छात्र/छात्राओं, एवं उनके प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या एवं अभिभावकगण को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने राईफल क्लब सभागार गाजीपुर में प्रदेश में प्रथम स्थान पाये जाने पर छात्र-छात्राओं को प्रशिस्त पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिसमें हाई स्कूल छात्रा प्रदशे मे छठवा स्थान खुशी जायसवाल एच.एस.इण्टर कालेज देवकली, 97.17 प्रतिशत सातवा स्थान आचल तिवारी 97.00 प्रतिशत, पी.टी.एम.एम.एम. इण्टर कालेज सिखड़ी, आठवा स्थान प्रियान्शु शर्मा 96.83 प्रतिशत विन्देश्वरी उत्तर माध्यमिक विद्यालय टड़वा मु0बाद, नौवा स्थान पर स्मृति विश्वकर्मा 96.67 प्रतिशत आदर्श बौद्व इण्टर कालेज छावनी लाईन गाजीपुर दशवा स्थान श्रेया प्रजापति 96.50 प्रतिशत सी.पी.आई. उत्तर माध्यमिक विद्यालय बिजौरा द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया। इण्टर के छात्र/छात्राओ द्वारा प्रदेश में पॉचवे स्थान पर ज्योति यादव 96.60 पी.टी.एम.एम.एम.इण्टर कालेज सिखड़ी, नौवा स्थान पर 2 छात्रो में स्वेता तिवारी 95.80 पी.टी.एम.एम.एम.इण्टर कालेज सिखड़ी, एवं दानिश अंसारी 95.80 स्वामी आत्मानन्द इण्टर कालेज टोडरपुर अंक प्राप्त कर प्रदेश में एवं जनपद में भी रोशन किया। जिलाधिकारी ने समस्त जनपद के छात्र-छात्राओं से अपील किया है कि ज्यादा से ज्यादा जनपद सख्या में गाजीपुर का नाम हर वर्ष की तरह आगे रहे। गाजीपुर का नाम रोशन करते रहे यही मेरा आशिर्वाद है। मन लगाकर पडे. और एक अच्चे अधिकारी के रूप में नाम रोशन करें।

किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जमानिया कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में 15 दिन पूर्व किशोरी सॉन्ग दुष्कर्म का मामला सामने आया था इस मामले में फरारी काट रहे वांछित आरोपी को पुलिस ने आज गांव के चौराहे के पास से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है बताया जा रहा है कि आरोपी कहीं भागने की तैयारी में था। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कड़ी पूछताछ कर उसका मेडिकल मुआयना कराने के बाद संबंधित धाराओं में चालान कर उसे न्यायालय में पेश किया। जहां उसके आरोपों को देखते हुए न्यायालय ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेज दिया। किशोरी के पिता ने बताया आरोपी गोलू जमानिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला है। जो दो सप्ताह पूर्व उसकी पुत्री जो इंटर में पढ़ती है। अपने घर से सुबह ट्यूशन पढ़ने जा रही थी इस दौरान युवक ने सुनसान जगह देखकर उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। पिता ने बताया घर पहुंचने में देर होने पर वह अपने अन्य परिजनों के साथ खोजबीन में जुट गए। इस दौरान काफी देर बाद उसकी पुत्री रोते बिलखते हुए घर पहुंची तथा अपने साथ हुए पूरी घटना की आपबीती बताई। जिसके बाद अपनी पुत्री को लेकर थाना पहुंचा और बगल के युवक के खिलाफ दुष्कर्म आदि धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज कराया। पिता ने बताया आरोपी युवक मनबढ़ किस्म का है। जमानियां कोतवाल महेंद्र सिंह ने बताया के क्षेत्र में 2 सप्ताह पहले गांव की किशोरी से दुष्कर्म व पास्को एक्ट में फरार चल रहे आरोपी युवक को उसके गांव के समीप चौराहे से दबोच लिया गया। यह बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही आरोपी पकड़े जाने के डर से फरार हो गया था। जिसकी तलाश घटना के बाद से ही की जा रही थी। उसका चालान कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जिला कारागार भेज दिया गया।

यूपी एटीएस ने पीएफआई के दो लोगों को किया गिरफ्तार, 70 संदिग्ध हिरासत में

लखनऊ। यूपी एटीएस ने प्रतिबंधित संगठन पीएफआई से जुड़े दो लोगों को कट्टरता फैलाने के आरोप में विगत दिवस वाराणसी से गिरफ्तार किया तथा विभि-?न जिलों से 70 संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। एटीएस के बयान में कहा गया कि दोनों आरोपियों पर 50-50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। बयान के अनुसार परवेज अहमद और रईस अहमद वर्ष 2022 में यूएपीए के तहत दर्ज एक मामले में फरार थे और उनमें से प्रत्येक पर 50 हजार रुपए का इनाम था।

ANTI TERRORIST SQAD

एटीएस के अनुसार दोनों आरोपी वाराणसी में पीएफआई की कट्टरपंथी विचारधारा को फैलाने में शामिल थे। ये दोनों भारतीय दंड संहिता और यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत वाराणसी में दर्ज कुछ मामलों में वांछित थे। पीएफआई को गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल होने के कारण पिछले साल केंद्र सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था। एटीएस ने आरोप लगाया कि दोनों वर्ष 2019 में संशोधित नागरिकता अधिनियम और राष्ट्रीय नागरिक पंजी प्रदर्शन के दौरान राज्य के खिलाफ गतिविधियों में शामिल थे।

एटीएस द्वारा रविवार को प्रदेश स्तर पर एक दिवसीय गोपनीय अभियान चलाकर चिह्नित संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई प्रारंभ की गयी। एटीएस ने अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में छापेमारी के लिए 30 टीमों का गठन किया और विभिन्न जिलों से 70 संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। बयान में कहा गया कि पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए संदिग्धों में वाराणसी के 8, लखनऊ के 9, गाजियाबाद के 10, शामली के 11, बिजनौर के 5 और मेरठ के 4 और सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, सीतापुर, बुलंदशहर, सहारनपुर, मुरादाबाद, रामपुर और अमरोहा के 1-1 व्यक्ति शामिल हैं।

इनके अलावा बहराइच, देवरिया और कानपुर से 2-2 तथा बाराबंकी, आजमगढ़ और मुजफ्फरनगर के 3-3 संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। बयान के अनुसार उपरोक्त संदिग्ध व्यक्तियों से गहन पूछताछ जारी है और इसके साथ ही राष्ट्र विरोधी गतिविधियों एवं सोशल मीडिया पर उनकी सक्रियता की जानकारी के लिए इलेक?ट्रॉनिक गैजेट्स का डेटा विश्लेषण किया जा रहा है।

बेटियों को न्याय दिलाने, बृजभूषण शरण के गिरफ्तारी की मांग

बस्ती। सोमवार को भारत मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष आर.के. आरतियन के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। मांग किया कि जन्तर मन्तर पर धरना देने वाले खिलाड़ियों की मांग मानी जाय और आरोपी बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार किया जाय। आर.के. आरतियन ने बताया कि सूचना देने के बावजूद ज्ञापन नहीं लिया जा रहा था, लम्बे विवाद के बाद किसी तरह से प्रशासनिक अधिकारी ने ज्ञापन लिया। लोकतंत्र में यह स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण है। राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजने के बाद आर.के. आरतियन ने कहा कि ओलम्पिक और एशियन पदक जीतने वाली बेटियां न्याय की मांग को लेकर पिछले 16 दिनों से धरने पर हैं किन्तु बेटी बचाओं का नारा देने वाली भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से लेकर प्रधानमंत्री, गृह मंत्री तक चुप है। आरोपी बृजभूषण शरण सिंह पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद खुले आम घूमने के साथ ही धमकियां दे रहा है।

केक काटकर मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय रेडक्रास दिवस

बस्ती। अन्तर्राष्ट्रीय रेडक्रास दिवस के अवसर पर सोमवार को वृद्धाश्रम बनकटा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं रेडक्रास अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका निरंजन ने वृद्ध जनों के साथ केक काटकर खुशियों को साझा करते हुये कहा कि विश्व शांति, सेवा के क्षेत्र में रेड क्रास का महत्वपूर्ण योगदान है। इस परम्परा को और समृद्ध बनाये जाने की जरूरत है। इस अवसर पर वृद्ध जनों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही उपयोगी हाईजेनिक किट, फल एवं खाद्य सामग्री भेट किया गया।

रेडक्रास के सचिव कुलवेन्द्र सिंह मजहबी ने बताया कि रेड क्रास द्वारा कोरोना संकट में भी विशेष सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया गया। रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर के द्वारा लोगों की निरन्तर सेवा की जाती है। बताया कि हेनरी ड्यूनेंट स्विस मानवतावादी, व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता थे, हेनरी ड्यूनेंट का जन्म 8 मई 1828 को स्विट्जरलैंड के जिनेवा शहर में हुआ था. उन्हें 1901 में दुनिया का पहला नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया था। उन्होंने 1863 में इंटरनेशनल ऑफ द रेड क्रॉस की स्थापना की थी।

रेडक्रास के वरिष्ठ सदस्य डा. वी.के. वर्मा और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्वास्थ्य कर्मियों ने स्वास्थ्य परीक्षण करते हुये कहा कि वृद्धजनों की सेवा सबसे बडा धर्म है। इसके साथ ही वृद्ध जनों में फल, मिठाई आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीलम सिंह, कुलदीप सिंह, डा. श्याम नरायन चौधरी, विनय मौर्या, अखिलेश चौधरी, बबिता, अनुष्का पाण्डेय, काजी फरमान अहमद, प्रताप शंकर पाण्डेय, मीना पाण्डेय आदि ने योगदान दिया।

ब्रेथ ईजी की अस्थमा पर एक दिवसीय चिकित्सकीय कार्यशाला आयोजित

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विश्व अस्थमा दिवस के उपलक्ष में ब्रेथ ईजी चेस्ट सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल अस्सी वाराणसी द्वारा पूरा सप्ताह अस्थमा जागरूकता सप्ताह मनाया गया जिसमे प्रेस वार्ता, जागरूकता रैली, निःशुल्क अस्थमा शिविर शामिल हैं इस कड़ी में ब्रेथ ईजी द्वारा वाराणसी के चिकित्सकों के लिए वाराणसी कैंट स्थित होटल सिटी इन में एक चिकित्सीय संगोष्ठी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे वाराणसी के सम्मानित चिकित्सक डॉ ओ.पी सिंह (नीमा प्रवक्ता, ऊ.प्र), डॉ एस.बी सिंह (नीमा सेक्रेटरी, ऊ.प्र), डॉ. राजेश श्रीवास्तव, डॉ एच.सी सिंह, डॉ. कुलदीप, डॉ. फरहान अहमद, डॉ आर.के तिवारी, डॉ. सिद्धार्थ गौतम, डॉ. प्रह्लाद गुप्ता आदि चिकित्सक सम्मिलित थे। इस चिकित्सीय संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में ब्रेथ ईजी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस.के पाठक थे तथा उत्तर प्रदेश के नीमा प्रवक्ता डॉ ओ.पी सिंह ने इस चिकित्सकीय संगोष्ठी का संचालन किया` डॉ. एस.के पाठक ब्रेथ ईजी, वाराणसी के जाने-माने वरिष्ठ श्वांस, टी.बी एवं, फेफड़ा रोग विशेषज्ञ हैं जिन्होंने अपनी पढाई के.जी.एम.सी (लखनऊ) से किया हैं` ब्रेथ ईजी द्वारा आयोजित इस चिकित्सकीय संगोष्ठी में अस्थमा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गईं, जिसमे अस्थमा के प्रकार और अस्थमा के गंभीर अवस्था में इलाज की नई पद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, इसके अलावा इस चिकित्सकीय संगोष्ठी में होम नेबुलाइजेशन के तरीके के बारे में भी विस्तार से समझाया गया अस्थमा करशाला समापन में चिकित्सकों को ट्रैनिग सर्टिफिकेट भी बांटे गए` डॉ. पाठक ने श्वांस की बीमारी की चर्चा करते हुए बताया कि साँस फुलने के कई कारण हो सकते हैं जिसमे अस्थमा, दमा, निमोनिया मुख्य हैं इसके अलावा कभी- कभी खून की कमी (अल्र्जी), हार्ट एवं किडनी की बीमारी की वजह से भी सांस फूल सकती हैं डॉ. पाठक ने ये भी बताया कि अस्थमा में मरीजो को बार- बार खांसी आना, सास फूलना, धुल-धुएं से एलर्जी, प्रायः कई बार छीक आना, बलगम के साथ कफ आना इत्यादि मुख्य लक्षण होते हैं` डब्लू.एच.ओ के अनुसार अस्थमा के कारण दुनिया में हर साल लगभग 2.5 लाख से ज्यादा लोगो की मृत्यु होती हैं` डॉ पाठक ने बताया कि अस्थमा में मुख्यतः श्वांस नलियों में सूजन हो जाता हैं जिसके कारण बाद में उन नालियों में सिकुड़न भी हो जाता हैं जो साधारण दवाइयों से नही ठीक हो पता हैं इसके लिए एक विशेष प्रकार की थेरेपी का इस्तमाल किया जाता हैं जिसे इन्हेलेशन थेरेपी कहतें हैं अस्थमा की बीमारी फेफड़ो से सम्बंधित हैं इसलिए इसमें इन्हेलेशन थेरेपी का ही उपयोग होना चाहिए जो कि सीधे फेफड़ो में जाकर अपना काम करती हैं जिससे अस्थमा के मरीज को 2-3 मिनट में ही आराम मिल जाता हैं` डॉ. पाठक ने बताया कि एलर्जिक दमा को पता लगाने के लिए पी.एफ.टी द्वारा फेफड़े की कार्य-क्षमता के साथ-साथ एलर्जी की जाँच कराना भी अत्यधिक जरुरी होती हैं, जिससे एक चिकित्सक को अपने मरीज के बारे में यह पता चलता हैं कि कौन से एलर्जी के कारण मरीज की साँस फूल रही हैं जिसके उपरान्त मरीजों को इम्युनोथेरेपि द्वारा वैकसीनेशन कराने में सहायता मिलती हैं`

श्वांस रोग के ईलाज के लिए आधुनिक चिकित्सा प्रणाली समय की जरूरत हैं - डॉ. एस.के पाठक

डॉ. पाठक के ने बताया टी.बी के कारण भी सांस फूल सकती हैं सही समय पर सही ईलाज से सांस की बीमारी से छुटकारा भी मिल सकता हैं डॉ. पाठक ने बताया ब्रेथ इजी टी.बी चेस्ट, एलर्जी केयर अस्पताल पुर्वान्चल का एक अग्रणी अस्पताल हैं जिसमे आधुनिक श्वास, फेफड़ा, एलर्जी रोग सम्बंधित परामर्श, जाँच व भर्ती की विशेष चिकित्सा प्रदान की जाती हैं आगे डॉ. पाठक ने बताया कि खरार्टा भी एक गंभीर साँस की बीमारी है जिसके कारण हार्ट अटैक व ब्रेन स्ट्रोक की बीमारी हो सकती है` खरार्टे के विशेष जाँच व ईलाज की सुविधा ब्रेथ ईजी टी.बी, चेस्ट, एलर्जी केयर अस्पताल अस्सी वाराणसी में उपलब्ध हैं ।

संक्षिप्त खबरें

अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों के लिए पोर्टल खोलने की समय सारणी तैयार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने बताया है कि दशमोत्तर अनुसूचित जाति के साथ-साथ दशमोत्तर अनुसूचित जनजाति के छात्रों के निम्न विवरण के अनुसार पोर्टल खोले जाने हेतु समय सारिणी तैयार की गयी है। जिसमें शिक्षण संस्था स्तर पर अग्रसारण न होने के कारण लम्बित आवेदन, परीक्षाफल विलम्ब से घोषित होने के कारण लम्बित आवेदन, विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी स्तर पर सीट की संख्या/छात्रों की प्रमाणिकता का सत्यापन न होने के कारण लम्बित आवेदन एवं पी0एफ0एम0एस0 पर पेन्डिग/रिजेक्शन के कारण समय-सारिणी निर्धारित की गयी है। संदेहास्पद डाटा को कारणों सहित छात्र/संस्थाओं के लागिन पर प्रदर्शित किया जाना एवं आनलाईन आवेदन में की गयी त्रुटियों को छात्र द्वारा आनलाईन ठीक करके संस्था में जमा करने हेतु प्रिन्ट निकालवाने की तिथि 03 मई, 2023 से 10 मई, 2023 तक निर्धारित की गयी है।

रिटायर्ड कानूनगो का एटीएम कार्ड ले भागा उचक्का, खाते से निकाला 20 हजार रुपए, पुलिस से शिकायत



केराकत। जौनपुर। एटीएम से पैसा निकालने गए रिटायर्ड कानूनगो का एटीएम कार्ड सोमवार को एक उचक्का लेकर भाग गया और बैंक खाते से 20 हजार रुपए निकाल लिया। पीड़ित ने कोतवाली थाना पुलिस से इसकी शिकायत की है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है। केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के कुसैला गांव निवासी रिटायर्ड कानूनगो हरिहर सिंह सोमवार को केराकत यूबीआई के एटीएम मशीन से पैसा निकालने गए थे। उनके अनुसार वहां दो युवक पहले से खड़े थे। दोनों ने बातों में उलझा कर उनका एटीएम कार्ड लेकर भाग गए। पीड़ित हरिहर सिंह के अनुसार लगभग साढ़े 12 बजे उनके बैंक खाते से 20 हजार रुपए निकल जाने का उनके मोबाइल पर मैसेज आया। तब उन्हें ठगे जाने का पता चला। पीड़ित ने यूनियन बैंक के मैनेजर को सूचना देने के साथ ही कोतवाली थाना पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

व्यक्ति से ज्यादा सेवा को महत्व देता है रोवर्स रेंजर्स : श्रीमती पूनम सिंह

पराऊगंज। कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में सोमवार को पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के शुभारंभ में इकाई प्रभारी रेंजर्स श्रीमती पूनम सिंह ने ध्वज को फहराकर किया। शिविर को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नवयुवकों के लिए एक स्वयंसेवी गैर सरकारी आंदोलन है जो व्यक्ति से ज्यादा सेवा को महत्व देता है राष्ट्रीय एकता और युवा वर्ग की शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण एक सशक्त माध्यम है। ट्रेनर रोहित विश्वकर्मा ने रोवर्स रेंजर्स आंदोलन के इतिहास प्रार्थना झंडा गीत नियमों की प्रतिज्ञा का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर रेंजर्स प्रभारी आलोक प्रजापति समेत रोवर्स रेंजर्स उपस्थित रहे।

शादी में खाना खाते ही दूल्हा-दुल्हन समेत 97 लोग अस्पताल में भर्ती

सुलतानपुर। सुलतानपुर में शादी में भोजन के बाद दूल्हा-दुल्हन समेत 97 घराती बराती बीमार हो गए। जिसके बाद पीड़ितों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। यहां जयमाल से पहले दुल्हा धीरज और दुल्हन सोनी भी पेट दर्द, उल्टी, दस्त से ग्रसित हो गए। इससे जयमाल नहीं हुआ। सुबह 5 बजे दूल्हा दुल्हन की स्थिति सामान्य होने के बाद उन्हें घर जाने की इजाजत दी गई तब वैवाहिक कार्यक्रम शुरू हुआ। अखंडनगर थाने के बनबहा सिरखिनपुर गांव के अमरजीत की पुत्री सोनी का विवाह था। बरात जौनपुर जिले के शाहगंज से आई थी। बरातियों ने रात करीब 9 बजे नाश्ता किया। रसमलाई, चाट, पास्ता और फुल्की खाई। इसके करीब 2 घंटे बाद सभी ने भोजन किया। भोजन करने से पहले कुछ लोगों ने पेट दर्द होने की शिकायत की, परन्तु इसे गम्भीरता से नहीं लिया गया। कुछ ही देर में 11 वर्षीय रूबी नाम की बच्ची पेट में दर्द होने से बेहोश हो गई, तब लोगों का इस ओर ध्यान गया। जिसके बाद कई बाराती पेट दर्द उल्टी, दस्त की समस्या की शिकायत करने लगे। ऐसे में सभी को सीएचसी अखंडनगर में भर्ती कराया गया। अस्पताल में अचानक मरीज बढ़ने से बेड कम पड़ गए। कुछ मरीज इतने डरे और सहमे थे कि वह चीख और चिल्ला रहे थे। 52 मरीज शाहगंज के सरकारी और प्राइवेट अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। इस बारे में डॉ विष्णु स्वरूप ने बताया कि अस्पताल में आए सभी मरीज फूड प्वाइजनिंग के शिकार हैं।

स्मार्ट कैमरों से करीब तीन लाख ई-चालान जारी किए गये

नोएडा। पिछले साल लगाए गए उच्च तकनीक वाले स्मार्ट कैमरों आईएसटीएमएस से नोएडा में अब तक करीब 3 लाख ई-चालान जारी किए गये हैं। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। सिस्टम को संचालित करने वाले अधिकारियों ने बताया कि आईएसटीएमएस से मई 2022 और अप्रैल 2023 के बीच जारी किए ई-चालानों में अधिकांश बिना हेलमेट के गाड़ी चलाना, दोपहिया वाहनों पर 3 लोगों को बैठाकर यात्रा करना और लाल बत्ती पार करने के उल्लंघन से संबंधित हैं। उन्होंने बताया कि नोएडा के सेक्टर 94 में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में आईएसटीएमएस स्थित है जो नोएडा प्राधिकरण के अलावा यातायात पुलिस के साथ मिलकर काम करता है। इसे पिछले साल लगाया गया था और इसका प्रबंधन एफकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाता है। इस के दायरे में नोएडा के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा, 40 स्थानों पर एक यातायात नियंत्रण प्रणाली स्थापित करना शामिल है, जो अन्य सुविधाओं के साथ 82 स्थानों पर यातायात संकेतों, सार्वजनिक घोषणा प्रणालियों और आपातकालीन कॉलिंग बॉक्स पर लाल और हरी बत्तियों को रिमोट के माध्यम से नियंत्रित करने की अनुमति देती है।

पल्लवी और शिव की फिल्म लॉन्च पार्टी में शामिल हुए कमल हासन

चेन्नई। साउथ सिनेमा के मशहूर सुपरस्टार कमल हासन धीरे-धीरे फिर से फिल्मों की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। पिछले साल रिलीज हुई फिल्म 'विक्रम' को मिली सफलता के बाद से ही कमल हासन लगातार फिल्मों की दुनिया में एक्टिव हैं। अभिनेता जहां एक तरफ फिल्म 'इंडियन 2' की शूटिंग कर रहे हैं, वहीं वह फिल्मों में नरेशन भी कर रहे हैं। कमल हासन को हाल ही में, अभिनेता शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी की अगली फिल्म के लॉन्च में शामिल हुए है। गौरतलब है कि शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी की फिल्म की शूटिंग कश्मीर में शुरू हो गई है। फिल्म का नाम अभी 'एसके21' रखा गया है। यह आरकेएफआई का 51वां प्रोडक्शन है।

लाइफStyle

कृति सेनन बताया अपना हाल

बॉलीवुड की लंबी हाइट वाली अभिनेत्री कृति सेनन बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्रियों मे से एक हैं। जहां एक तरफ कृति अपनी आगामी फिल्म 'आदिपुरुष' को लेकर सुर्खियों में हैं, वहीं अभिनेत्री दूसरी तरफ करीना कपूर खान और तब्बू स्टारर फिल्म 'द क्रू' की शूटिंग में भी व्यस्त हैं। फिल्म के लिए कृति रात को शूटिंग कर रही हैं।

मुंबई। अक्सर अपने फैंस के साथ अपडेट साझा करने वाली कृति ने इस बार 'द क्रू' के बारे में एक अपडेट साझा किया है। कृति सेनन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल की स्टोरीज पर 'द क्रू' का अपडेट साझा किया। अभिनेत्री वीडियो में काले रंग की टी-शर्ट में प्यारी लग रही थी। इसमें वह बिस्तर पर गिरती हुई दिखाई दे रही हैं क्योंकि वह बहुत थक गई थीं। वीडियो साझा करते हुए कृति सेनन ने लिखा, 'सुबह 4.20 बजे शूटिंग से वापस आई हूं! काश रील ट्रांजिशन ने मेरे मेकअप को हटा दिया होता और मैंने बिस्तर पर लेटने से पहले पजामा पहन लिया है।'

मतलब साफ है कृति सेनन 'द क्रू' के लिए रात को शूटिंग कर रही हैं। आपको बता दें, 'द क्रू' का एलान पिछले साल नवंबर में किया गया था। फिल्म के बारे में बात करते हुए कृति ने कहा था, 'मैं हमेशा मजबूत किरदारों और अनूठी कहानियों के लिए उत्सुक रहती हूं और द क्रू उनमें से एक है। मैं टैलेंट की दो पॉवरहाउस, तब्बू मैम और करीना के साथ काम करने को लेकर बहुत रोमांचित हूं! मैंने हमेशा उनकी और उनके काम की प्रशंसा की है और उन्हें देखा है। मैं तब्बू मैम से कुछ मौकों पर मिली हूं और वह हमेशा बहुत ही अच्छी रही हैं। मैं बेबो की बहुत बड़ी फैन हूं।' वर्कफ्रंट की बात करें तो कृति सेनन को आखिरी बार 'शहजादा' में देखा गया था। रोहित धवन द्वारा निर्देशित और कार्तिक आर्यन अभिनीत यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से फ्लॉप रही थी। 'द क्रू' के अलावा, कृति आगामी फिल्म 'आदिपुरुष' की रिलीज का इंतजार कर रही हैं।

हॉलीवुड मसाला

एमसीयू के लोकप्रिय किरदारों का विदागान

न्यूयार्क। फिल्म 'गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी वॉल्यूम 3' इस सीरीज का विदा गान है। लेखक, निर्देशक जेम्स गन ने जिन विवादों के बीच ये फिल्म बनाई है, वह भी जगविदित हैं। पहले वह फिल्म से निकाले गए। फिर लाए गए और अब ये फिल्म रिलीज होने के समय वह मार्वल स्टूडियोज छोड़कर जा चुके हैं और इसकी प्रतिद्वंद्वी कंपनी डीसी स्टूडियोज के सह सीईओ हैं। जेम्स गन ने 'गार्डियन्स ऑफ द गैलेक्सी' को एक अलग अंदाज में रचा है। सीरीज की इस तीसरी फिल्म में जॉन मर्फी के बनाए एक दर्जन से ज्यादा गाने हैं और फिल्म की कुल अवधि यानी ढाई घंटे में से एक घंटे से ज्यादा का समय इन गानों को समर्पित है।

जेरेमी के हेल्थ अपडेट पर रयान रेनॉल्ड्स ने दी प्रतिक्रिया..

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी रेनर चोट से उबरने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं। अभिनेता ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर दो वीडियो पोस्ट किए जिसमें वह अपना प्रशिक्षण दिखा रहे हैं और अपने प्रशंसकों को स्नोप्लो दुर्घटना के बाद ठीक होने की प्रक्रिया के बारे में अपडेट कर रहे हैं। फैंस जेरेमी रेनर के जल्द स्वस्थ होने के लिए दुआएं कर रहे हैं। रयान रेनॉल्ड्स सहित उनके कई दोस्तों ने उनका उत्साहवर्धन किया, रयान ने लिखा, रदैट स्टफर शील्ड कोस्टार क्लार्क ग्रेग के उनके साथी मार्वल एजेंट्स ने टिप्पणी की, रलेट्स गो एवेंजर्स सीरीज की फिल्मों में सुपरहीरो हॉकआई का किरदार निभाने वाले हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी रेनर बीते साल दिसंबर में भयानक हादसे के शिकार हो गए थे। ऑस्कर नॉमिनेटेड एक्टर जेरेमी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



नेपोटिज्म पर महाक्षय बोले मेरा संघर्ष अभी भी जारी...

कोलकाता। महाक्षय चक्रवर्ती बॉलीवुड के जाने माने एक्टर मिथुन चक्रवर्ती के बेटे हैं। मिथुन के बेटे ने भी बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। उन्होंने साल 2008 में आई फिल्म जिम्मी से अपने अभिनय की शुरुआत की थी। इस फिल्म के बाद इश्केदारियां, हॉन्टेड 3डी, रॉकी जैसी फिल्में की हैं। वह इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म जोगीरा सारा रा रा के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में वह इंस्पेक्टर जय शर्मा के किरदार में नजर आने वाले हैं। वहीं, हाल ही में उन्होंने बॉलीवुड में नेपोटिज्म को लेकर बात की है। दरअसल, हाल ही में दिए एक इंटरव्यू के दौरान महाक्षय ने कहा कि पिता मिथुन चक्रवर्ती ने हमेशा साथ दिया है। पिता ने हमेशा यही कहा कि अगर इंडस्ट्री में आना है तो आपकी ही पसंद होगी। मैंने एक्टर बनने का फैसला किया। मेरे माता पिता ने इसको लेकर कभी भी जोर नहीं दिया था। पापा ने एक बार कहा था कि मैं तुम्हारी बिल्कुल मदद नहीं करूंगा, क्योंकि तुम मेरे बेटे हो। मेरा बेटा होने की वजह से तुम्हें कभी भी फ्री टिकट नहीं मिलेगा।

अपने बदले हेयरस्टाइल को लेकर कीर्ति होने लगी ट्रोल...

मुंबई। बॉलीवुड की लोकप्रिय और खूबसूरत अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी अपने अभिनय के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी रहती हैं और आए दिन फैंस संग अपनी तस्वीरें और वीडियोज साझा करती रहती हैं। अब हाल ही में, सोशल मीडिया पर अभिनेत्री का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने बदले हुए हेयरस्टाइल के साथ नजर आ रही हैं। 'फोर मोर शॉट्स प्लीज', 'ह्यूमन' और अन्य शो के लिए मशहूर कीर्ति कुल्हारी ने अपने बाल कटवा लिए हैं और उनका यह हेयरस्टाइल फैंस के बीच काफी वायरल भी हो रहा है। कीर्ति कुल्हारी को शॉर्ट हेयर में देख फैंस को शॉक लगा है, जिसके चलते अब एक्ट्रेस को काफी ट्रोल किया जा रहा है। तो चलिए जानते हैं कि आखिर पूरा मामला क्या है।हाल ही में, कीर्ति कुल्हारी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट वीडियो शेयर किया है।

टीवी मसाला

सितारे रातों-रात छोड़ चुके हैं टेलिवजन के बड़े शो

नई दिल्ली। बॉलीवुड से लेकर टीवी जगत में सेलेब्स का आना जाना तो लगा ही रहता है। टीवी शोज की बात करें तो कभी कहानी को बढ़ाने के लिए नए फेस की एंट्री की जाती हैं तो कभी ऑडियंस की डिमांड को देखते हुए अच्छे-खासे किरदार को हटा दिया जाता है। अब बदलते दौर के साथ यह प्रचलन भी बदलने लगा है और अब सितारे खुद ही रातोंरात अच्छे खासे शोज को लात मारकर चले जाते हैं। हालांकि, उनके इस फैसले उनके फैंस भी काफी शॉक होते हैं।

ऐश्वर्या शर्मा

टीवी के पॉपुलर शो 'गुम है किसी के प्यार में' पत्रलेखा का किरदार निभा रहीं एक्ट्रेस ऐश्वर्या शर्मा ने शो को अलविदा कह दिया है। अभिनेत्री ने खुद इस बात की घोषणा की थी कि अब वो इस शो का हिस्सा नहीं हैं। हालांकि, अभिनेत्री ने अभी तक शो छोड़ने की असल वजह का खुलासा नहीं किया है। इस सीरियल से ऐश्वर्या शर्मा को काफी फेम मिला था।

हिना खान

हिना खान बॉलीवुड की नहीं बल्कि टीवी जगत का भी जाना माना नाम हैं। हिना को असल पहचान शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से मिली थी। हिना खान ने 'खतरों के खिलाड़ी' में हाथ आजमाने के लिए इस हिट शो को अचानक ही लात मार दी थी। इसके बाद वह बिग बॉस का भी हिस्सा रही थीं। उनके बाहर जाने से फैंस को भी काफी झटका लगा था।

अनेरी वजानी

अभिनेत्री अनेरी वजानी टीवी जगत का काफी लोकप्रिय चेहरा है। अनेरी कई टीवी शोज में नजर आ चुकी हैं, लेकिन अभिनेत्री को असल पहचान 'अनुपमा' में मालविका के किरदार से मिली थी। आपको बता दें कि अनेरी ने अचानक ही इस हिट टीवी शो को छोड़कर सभी को शॉक कर दिया था। उन्होंने यह फैसला 'खतरों के खिलाड़ी 12' के लिए उठाया था। हालांकि आज भी लोग शो में मुक्कू को याद करते हैं।

एरिका फर्नांडिस

अभिनेत्री एरिका फर्नांडिस को आज भी लोग 'कुछ रंग प्यार के ऐसे भी ' को लेकर याद करते हैं। इस सीरियल में फैंस ने एरिका को काफी पसंद किया था। आपको बता दें कि शो के हिट होने के बाद भी एरिका बीच में ही चली गई थीं। एरिका का कहना था कि उनके लिए शो में कुछ खास बचा नहीं है। इसके बाद वह 'कसौटी जिंदगी की' में भी नजर आई थीं, लेकिन इस सीरियल को दर्शकों का ज्यादा प्यार नहीं मिल पाया था।

शाहरुख ने किया जवान की रिलीज डेट का एलान, जल्द दस्तक देगी

मुंबई। शाहरुख खान की आनेवाली फिल्म जवान इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म का निर्देशन एटली कुमार कर रहे हैं, जिसमें किंग खान के अलावा नयनतारा और विजय सेतुपति भी मुख्य भूमिका में हैं। बीते कुछ दिनों फिल्म की रिलीज की तारीख में लगातार बदलाव की खबरें आ रही हैं। पहले इसे दो जून को रिलीज करने की तैयारी थी, लेकिन अब तक कई रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा चुका है कि फिल्म को तय समय पर रिलीज नहीं किया जा सकेगा। इस बीच शाहरुख खान ने जवान की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। शनिवार को किंग खान ने सोशल मीडिया पर फिल्म की एक छोटी सी झलक दिखाते हुए इसकी नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी। अब यह फिल्म जून की बजाय सात सितंबर को रिलीज होगी। बता दें कि इससे पहले रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि शाहरुख खान प्रभास की सलार से पहले बॉक्स ऑफिस पर सोलो रिलीज चाहते हैं, इस बारे में उन्होंने एटली से बात भी कर ली है। शाहरुख का मानना है कि सितंबर महीना उनकी फिल्म जवान के लिए अच्छा साबित हो सकता है। वर्क फ्रंट की बात करें तो शाहरुख की आखिरी रिलीज पठान ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी। यह हिंदी सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का खिताब हासिल कर चुकी है। वर्ल्डवाइड भी इस फिल्म का जलवा देखने को मिला था।

पहलवानों के लिए विद्युत की अपील और संतोषी ने तोड़ी चुप्पी

- सतीश कौशिक को याद किया संजय कपूर ने, इरफान की भी हुई चर्चा

मुंबई। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में हर दिन कुछ खास और दिलचस्प होते रहता है। अपने पसंदीदा सितारों से जुड़े हर अपडेट के लिए फैंस बेहद उत्सुक रहते हैं। ऐसे में फिल्मी रैप के जरिए आपके लिए मनोरंजन जगत की दिनभर की कुछ खबरें।

बॉलीवुड की बेहतरीन कॉमिक फिल्मों में से एक 'अंदाज अपना अपना' का फैंस के दिलों में एक अलग जगह है। हालांकि, यह मूवी बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। वहीं, अब जाकर इसके डायरेक्टर राजकुमार संतोषी ने इसकी असफलता पर चुप्पी तोड़ी है। साथ ही इसके पीछे की वजह का खुलासा करते नजर आए हैं।

भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर स्टार पहलवानों का धरना लगातार जारी है। इस मुद्दे पर पहलवानों का समर्थन करने के लिए बॉलीवुड के तमाम स्टार्स सामने आए हैं। अब इस कड़ी में विद्युत जामवाल ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।

हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और निर्माता सतीश कौशिक के निधन को दो महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक इंडस्ट्री इस गम से उबर नहीं पाई है। दिवंगत अभिनेता के दोस्त और साथी उनके साथ बिताए पलों को याद कर भावुक होते हैं और नए-नए किस्से साझा करते हैं। हाल ही में 'रूप की रानी चोरो का राजा' फिल्म के 30 साल पूरे होने पर अभिनेता अनिल कपूर ने दोस्त सतीश को याद किया था। वहीं, अब इस कड़ी में संजय कपूर का नाम भी शामिल हो गया है। अब संजय ने सतीश के साथ बिताए दिनों को याद किया।

छोटे पर्दे के शो 'कुमकुम भाग्य' से घर-घर में अपनी पहचान बनाने वालीं एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर अब फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा रही हैं। इसी कड़ी में मृणाल का आमिर खान की फिल्म 'ठग्स ऑफ हिंदुस्तान' से एक बड़ा कनेक्शन निकलकर सामने आया है। लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, फातिमा सना शेख की जगह मृणाल इसकी लीड के लिए पहली पसंद थीं। हालांकि, एक्ट्रेस ने इस बड़े कारण से मूवी को करने से मना कर दिया था।

दिवंगत एक्टर इरफान खान अपनी फिल्म 'द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियन्स' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस मूवी ने पिछले हफ्ते सिनेमाघरों में धूम मचाई। वहीं, अब एक्टर के फैंस के लिए एक और बड़ी खुशखबरी सामने आई है। 'द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियन्स' पर्दे पर रिलीज होने वाली इरफान की आखिरी फिल्म नहीं थी। एक्टर की एक और मूवी चार साल बाद बॉक्स ऑफिस पर दस्तक देने जा रही है।

फिल्मों ने दिखाया समाज को आईना

जातिगत भेदभाव को खूबसूरती से किया पेश

मुंबई। भारत ने आजादी से लेकर आज तक काफी तरक्की कर ली है। लोगों की सोच में, विचारधारा में, पहनने ओढ़ने के तरीके में काफी बदलाव आ चुका है। भारत मॉर्डन हो चुका है। हालांकि इन सभी के बाद आज भी हमारे समाज में जाति बिरादरी का भेदभाव देखने को मिलता है। छोटी जाति के लोगों के साथ आज भी छुआछूत का व्यवहार देखने को मिलता है। इसी विषय पर फिल्म उद्योग में तमाम ऐसी मूवी बनी हैं, जो हमें हमारे देश और समाज का आईना दिखाती हैं कि वर्षों के बाद भी हमारे देश में कुछ चीजों में कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिला है।

जय भीम : साउथ के सुपरस्टार सूर्या ने फिल्म जय भीम में मुख्य किरदार अदा किया था। यह फिल्म साल 2021 में रिलीज हुई थी। फिल्म में जातिगत भेदभाव को बेहतर तरीके से दिखाया है। यह फिल्म मद्रास हाईकोर्ट के जज रहे जस्टिस चंद्र के एक चर्चित केस पर बनी है। इस फिल्म की कहानी तमिलनाडु की एक जाति के साथ हुए उत्पीड़न की है।

आर्टिकल 15: फिल्म आर्टिकल 15 भारतीय संविधान के आर्टिकल 15 पर आधारित है। इस आर्टिकल में कहा गया है कि धर्म, जाति, भाषा, रंग या फिर लिंग के आधार पर भेदभाव अपराध है। फिल्म में जातिगत भेदभाव को बेहतर तरीके से दिखाया गया है। आर्टिकल 15 में आयुष्मान खुराना ने मुख्य भूमिका अदा की है। वह इसमें एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आए हैं।

मसान : फिल्म मसान में दो अलग तरह की कहानियां दिखाई गई हैं। इस फिल्म में एक कहानी दीपक यानी की विक्की कौशल के ऊपर है। विक्की कौशल ने फिल्म में उस लड़के का किरदार अदा किया है, जो कि छोटी जाति से है और श्मशान घाट पर लाशों को जलाता है। वहीं फिल्म के दौरान उसकी मुलाकात एक ऊंची जाति की लड़की से होती है। फिल्म में ऊंची- नीची जाति के लड़का और लड़की की प्रेम कहानी को दिखाया गया है।

मुक्काबाज : फिल्म मुक्काबाज में खेलकूद में होने वाले जातिगत भेदभाव को दिखाया गया है। इस फिल्म में श्रवण कुमार (विनीत श्रीनेट) जो कि एक दलित जाति से आता है, उसकी कहानी को दिखाया गया है। फिल्म के दौरान दिखाया गया है कि किस प्रकार से बॉक्सर को संचालक हर रोज अपमानित करते हैं। उसके बाद भी बॉक्सर अपनी काबिलियत से जीत हासिल करता है।

कर्णन : साउथ के बेहतरीन कलाकार धनुष अपने शानदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। साल 2021 में धनुष की रिलीज हुई फिल्म कर्णन ने दक्षिण भारत में चल रही जाति प्रथा को दिखाया था।

मुंबई कॉन्सर्ट में बैकस्ट्रीट बॉयज के सदस्यों ने दर्शकों पर फेंके अपने अंडरवियर, भड़के सोशल मीडिया यूजर्स

अमेरिका के मशहूर बैंड बैकस्ट्रीट बॉयज ने मुंबई से अपने डीएनए वर्ल्ड टूर की शुरूआत कर दी है। बैंड के सदस्यों निक कार्टर, होवी डोरो, एजे मैकलीन, ब्रायन लिटरेल और केविन रिचर्डसन ने ने गुरुवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड गार्डन में एक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अपनी परफॉरमेंस से गायकों ने फैंस का जमकर मनोरंजन किया। हालाँकि, इस दौरान बैंड के एक-दो सदस्यों ने स्टेज पर कुछ ऐसी हरकत कर दी, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनकी जमकर आलोचना हो रही है। मुंबई कॉन्सर्ट के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में, बैंड के सदस्य एजे मैकलीन और केविन रिचर्डसन स्टेज पर अपने अंडरवियर निकाल कर लोगों को दिखाते नजर आ रहे हैं। दोनों गायक यहीं नहीं रुके। अपने अंडरवियर निकालने के बाद उन्होंने इन्हें कॉन्सर्ट देखने आये दर्शकों पर फेंका। इतना ही नहीं वीडियो में दर्शकों में मौजूद महिलाएं उनके अंडरवियर पकड़ी दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होते ही बैकस्ट्रीट बॉयज का कॉन्सर्ट ज्यादा चर्चित हो गया है। इसके अलावा बात करें तो केविन रिचर्डसन कॉन्सर्ट के दौरान भीड़ को चीयर करता देखकर भावुक हो गए और रो पड़ें। उन्होंने हाथ जोड़कर दर्शकों को कहा, 'आज रात आपके साथ होना एक सम्मान की बात है।' मुंबई में सुपरहिट कॉन्सर्ट के बाद बैकस्ट्रीट बॉयज ने गुरुग्राम में भी एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने बड़ी ही धमाकेदार परफॉरमेंस दी, जिसमें दर्शकों को गदगद कर दिया। सोशल मीडिया पर कॉन्सर्ट के वीडियो छाए हुए हैं। गुरुग्राम वाले बैकस्ट्रीट बॉयज के कॉन्सर्ट में मुंबई जैसी कोई हरकत नहीं हुई। इसलिए शायद ये उतना हिट और चर्चा में नहीं है।

खबर संक्षेप

पीटीसी ने वीएस लिग्नाइट से किया बिजली आपूर्ति करार



नई दिल्ली। बिजली कारोबार से जुड़ी कंपनी पीटीसी इंडिया ने वीएस लिग्नाइट पॉवर से 115 मेगावाट बिजली आपूर्ति के लिए दीर्घकालिक ऊर्जा खरीद समझौता किया है। लिग्नाइट राजस्थान के बीकानेर जिले में 135 मेगावाट का बिजली संयंत्र संचालित करती है। बिजली संयंत्र परियोजना के पास स्थित एक निजी लिग्नाइट खदान से ईंधन लेता है।

बीते वित्त वर्ष में 1,862 एकड़ के 87 भूखंडों के हुए सौदे

नई दिल्ली। रियल एस्टेट डेवलपर्स वित्त वर्ष 2022-23 में भूमि अधिग्रहण के मामले में सक्रिय रहे और इस दौरान उन्होंने भविष्य की योजनाओं के लिए कुल 1,862 एकड़ के 87 भूखंडों का सौदा किया। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी एनरॉक ने बताया कि वित्त वर्ष 2021-22 में लगभग 1,649 एकड़ के 44 भूखंडों के सौदे हुए थे।

पूंजीकरण में एचडीएफसी बैंक को हुआ नुकसान

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से चार कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 56,006.15 करोड़ रुपये की गिरावट आई। नुकसान एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लि. को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 58.15 अंक या 0.09 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

कोल इंडिया का एकीकृत मुनाफा 18 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली। दुनिया की सबसे बड़ी कोयला खनन कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही 17.7 प्रतिशत घट गया है। कर्मचारियों के वेतन संशोधन के लिए ऊंचा प्रावधान करने की वजह से कंपनी के मुनाफे में गिरावट आई है। मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 5,527.62 करोड़ रुपये या 8.98 रुपये प्रति शेयर रहा।

आरआर काबेल ने सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज जमा कराए

नई दिल्ली। पीटीजी कैपिटल समर्थित तार केबल विनिर्माता आरआर काबेल ने आईपीओ के माध्यम से कोष जुटाने के लिए सेबी के पास शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। आईपीओ के तहत 225 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे शेयरधारक 1.72 करोड़ से अधिक इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएंगे।

कुल गैस में कंप्रेस्ड गैस का हिस्सा बढ़ाने की जरूरत

नई दिल्ली। भारतीय बायोगैस संघ (आईबीए) ने कुल गैस में कंप्रेस्ड बायोगैस का हिस्सा बढ़ाने की सिफारिश की है। आईबीए का कहना है कि इससे 2030 तक देश का सालाना आयात बिल 20-25 अरब डॉलर घटने की संभावना है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को हाल ही में लिखे एक पत्र में आईबीए ने सुझाव दिया है कि 2030 तक गैस आधारित अर्थव्यवस्था प्राप्त करने की प्रक्रिया में पेट्रोलियम मंत्रालय को कुल स्थिति पर कड़ी नजर रखनी होगी।

सरकार रक्षा क्षेत्र की बीईएमएल में अपनी 26 फीसदी हिस्सेदारी बेचने तैयार

रणनीतिक बिक्री के लिए सरकार जल्द वित्तीय बोलियां आमंत्रित करेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम बीईएमएल की रणनीतिक बिक्री के लिए सरकार जल्द वित्तीय बोलियां आमंत्रित कर सकती है। कंपनी के गैर-प्रमुख कारोबार के पिछले महीने शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने के बाद सरकार यह कदम उठाने जा रही है।

- कंपनी के गैर-प्रमुख कारोबार के पिछले महीने सूचीबद्ध होने के बाद सरकार ने उठाया कदम

सरकार ने जनवरी, 2021 में प्रबंधन नियंत्रण के साथ बीईएमएल में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के लिए शुरुआती बोलियां आमंत्रित की थीं। इसे बिक्री के लिए कई रुचि पत्र (ईओआई) मिले थे। इसके बाद पिछले साल अक्टूबर में बीईएमएल ने अपने गैर-प्रमुख कारोबार को बीईएमएल लैंड एसेट्स में अलग कर दिया था।

प्रमुख संपत्तियों के लिए वित्तीय बोलियां आमंत्रित

नई कंपनी को 19 अप्रैल, 2023 को एक्सचेंजों में सूचीबद्ध किया गया था। एक अधिकारी ने कहा, 'जमीन और अन्य गैर-प्रमुख संपत्तियों की सूचीबद्धता पूरी हो गई है। अब हम जल्द ही प्रमुख संपत्तियों के लिए वित्तीय बोलियां आमंत्रित करेंगे, जो निर्माण और रक्षा से संबंधित हैं।'

शेयर खरीदने की मची होड़

शुक्रवार को कंपनी के शेयर 0.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1381.15 रुपए के लेवल पर पहुंच कर बंद हुए थे। बीते 5 दिनों की बात करें तो कंपनी के शेयरों की कीमतों में 15 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिल रही है। वहीं, 1 महीने पहले दांव लगाने वाले पोजीशनल निवेशकों को 8 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न मिल चुका है।

BEML LIMITED
beml

बिक्री से 1,500 करोड़ रुपए मिलेंगे

बीईएमएल विविध क्षेत्रों में काम करने वाली कंपनी है। कंपनी देश-विदेश में रक्षा और वैमानिकी, खनन एवं निर्माण, रेल तथा मेट्रो क्षेत्र के लिए ग्राहकों को उत्पादों और सेवाओं की आपूर्ति करती है। सरकार के पास फिलहाल बीईएमएल में 54.03 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यह रक्षा मंत्रालय के तहत आने वाला सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। मौजूदा बाजार मूल्य पर बीईएमएल में सरकार की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री से करीब 1,500 करोड़ रुपए मिलेंगे।

सरकार और इरडा बीमा की पहुंच बढ़ाने पर जोर दे रही

सिर्फ कंपनियों की संख्या बढ़ाकर बीमा की पहुंच नहीं बढ़ाई जा सकती: एआईआईईए

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

सरकार और बीमा नियामक इरडा बीमा की पहुंच बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं, लेकिन सिर्फ कंपनियों की संख्या बढ़ाकर ऐसा नहीं किया जा सकता। अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ (एआईआईईए) के महासचिव श्रीकांत मिश्रा ने रविवार को यह बात कही। मिश्रा ने कहा, 'सरकार और इरडा तर्क दे रहे हैं कि बीमा की पहुंच को अधिक से अधिक बढ़ाने की जरूरत है और 2047 तक प्रत्येक भारतीय का बीमा होना चाहिए।'मिश्रा ने कहा, लेकिन इस बात को समझने की जरूरत है कि सिर्फ कंपनियों की संख्या बढ़ाकर ऐसा नहीं किया जा सकता।

प्रसार का श्रेय एलआईसी व सामान्य बीमा कंपनियों को

बीमा प्रसार अनिवार्य रूप से खर्च करने योग्य आय के स्तर पर निर्भर करती है, जो दुर्भाग्य से भारत में कम है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में बीमा प्रसार कुछ विकसित देशों की तुलना में अधिक है और इसका श्रेय सार्वजनिक क्षेत्र की एलआईसी और सामान्य बीमा कंपनियों को जाता है।

पीएसयू की रक्षा करना मूल उद्देश्य

मिश्रा ने कहा कि कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखते हुए सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग की रक्षा करना और उन्हें मजबूत करना एआईआईईए का मूल उद्देश्य रहा है।

सन 2047 तक प्रत्येक भारतीय का बीमा होना चाहिए

- देश में बीमा प्रसार कुछ विकसित देशों की तुलना में अधिक
- बीमा प्रसार खर्च करने योग्य आय पर निर्भर करता है

irdai
IRDA
INSURANCE

बीमा कंपनियों के मीडिया अभियानों के लिए नियम होंगे सख्त

भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) बीमा कंपनियों के मीडिया अभियानों के लिए नियमों को सख्त करने पर विचार कर रहा है। इसके तहत इन कंपनियों के वरिष्ठ प्रबंधन को उत्पाद प्रचार के लिए मीडिया अभियानों को तैयार करने और मंजूरी देने की जिम्मेदारी देने का प्रस्ताव है। इस सिलसिले में इरडा ने बीमा विज्ञापन खुलासा नियमन, 2021 में संशोधन का प्रस्ताव किया है।

उत्पाद प्रबंधन समिति होगी जवाब देय

मसौदे में कहा गया कि इस समिति को उत्पाद प्रबंधन समिति को जवाब देना होगा। विज्ञापन समिति की सिफारिशों की जांच उत्पाद प्रबंधन समिति करेगी और उसके पास विज्ञापनों को मंजूरी देने या खारिज करने का अंतिम अधिकार होगा।

वेबसाइट पर विज्ञापन करना होगा अपलोड

ड्राफ्ट में बीमा कंपनियों को जारी होने के तीन दिनों के भीतर अपनी वेबसाइट पर विज्ञापन अपलोड करने के लिए उचित मजबूत प्रणाली स्थापित करने के लिए भी कहा गया है। इरडा ने कहा कि बीमा विज्ञापनों को उत्पाद दाखिल करने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग माना जाता है। विज्ञापनों को स्वीकार करने की प्रक्रिया वर्तमान में स्वीकृत 'फाइल एंड यूज' एप्लिकेशन और इरडा विज्ञापन विनियमों और सर्कुलर्स के अनुपालन पर आधारित है।

25 मई तक मांगे गए सुझाव

प्रस्तावित संशोधन के तहत, प्रत्येक बीमा कंपनी को कम से कम तीन सदस्यों वाली एक विज्ञापन समिति का गठन करना होगा। ये सदस्य विपणन, बीमांकक और अनुपालन कार्यों से संबंधित होंगे। इरडा ने कहा कि इन संशोधनों का उद्देश्य ग्राहकों के लिए विज्ञापनों को तैयार करने और उन्हें मंजूरी देते समय वरिष्ठ प्रबंधन को जवाबदेह ठहराना है। इरडा ने इस पर 25 मई तक हितधारकों से सुझाव मांगे हैं।

भारत का ओपेक से कच्चे तेल का आयात 46% घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के कच्चे तेल के आयात में पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) की हिस्सेदारी अप्रैल में घटकर अपने सर्वकालिक निचले स्तर 46 प्रतिशत पर आ गई है। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। रूस से भारत की कच्चे तेल की खरीद बढ़ने के साथ ओपेक का हिस्सा घटता जा रहा है।

ओपेक-मुख्य रूप से पश्चिम एशिया और अफ्रीका का भारत के कच्चे तेल के आयात में अप्रैल, 2022 में 72 प्रतिशत हिस्सा था। ऊर्जा खेप की निगरानी करने वाली 'वॉर्टेक्सा' के अनुसार, अप्रैल, 2023 में ओपेक का हिस्सा भारत के आयात में घटकर 46 प्रतिशत पर आ गया है। कभी ओपेक का भारत के कच्चे तेल के आयात में 90 प्रतिशत तक हिस्सा होता था। लेकिन पिछले साल रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद रूसी कच्चा तेल रियायती दाम पर उपलब्ध हुआ है। ऐसे में रूस की भारत के कच्चे तेल के आयात में हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। कच्चे तेल को रिफाइनरियों में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में बदला जाता है।

भारत के कुल तेल आयात में लगातार सातवें महीने रूस की हिस्सेदारी एक-तिहाई यानी 33 प्रतिशत से अधिक रही है। रूस से आयात अब इराक और सऊदी अरब से सामूहिक खरीद से अधिक हो चुका है। पिछले दशक में ये देश भारत के सबसे बड़े तेल आपूर्तिकर्ता थे।

- अप्रैल में आयात घटकर सर्वकालिक निचले स्तर पर
- रूस से खरीद बढ़ते ही ओपेक से कच्चे तेल का हिस्सा घट रहा

ओपेक का हिस्सा प्रतिदिन 21 लाख बैरल

इसमें ओपेक का हिस्सा 21 लाख बैरल प्रतिदिन रहा। इस तरह भारत के कच्चे तेल के आयात में ओपेक का हिस्सा घटकर 46 प्रतिशत रह गया है। दुलाई की ऊंची लागत की वजह से भारतीय रिफाइनरी कंपनियां पूर्व में यदा-कदा ही रूस का तेल खरीदती थीं। लेकिन अब वे रियायती मूल्य पर उपलब्ध रूसी कच्चे तेल की जमकर खरीद कर रही हैं।

वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कंपनियों के तिमाही नतीजे और वैश्विक रुझान इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की कारोबारी गतिविधियों पर भी सभी की निगाह रहेगी।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, 'घरेलू बाजार की निगाह कंपनियों के मार्च तिमाही के नतीजों और कर्नाटक विधानसभा चुनाव पर रहेगी। सप्ताह के दौरान एशियन पेंट्स, सिप्ला, आयशर मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो और यूपीएल के चौथी तिमाही के परिणाम घोषित होंगे।'गौड़ ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये का उतार-चढ़ाव और कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगी। उन्होंने कहा, 'वैश्विक बाजार की स्थिति कमजोर है। हर किसी की नजर अमेरिकी क्षेत्रीय बैंकिंग प्रणाली (छोटे बैंकों) पर है, जो संकट में है।'इसके अलावा सप्ताह के दौरान अपोलो टायर्स, इंडियन ओवरसीज बैंक और टाटा मोटर्स के तिमाही नतीजे भी घोषित होंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष-तकनीकी शोध अजित मिश्रा ने कहा, इस सप्ताह बाजार भागीदारों की निगाह वृहद आर्थिक आंकड़ों..औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगी।

- इस सप्ताह कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजे आएंगे
- विदेशी निवेशकों की गतिविधियों पर सभी की निगाह रहेगी

अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े आने हैं

इसके अलावा 10 अप्रैल को अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े भी आने हैं।पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 58.15 अंक या 0.09 प्रतिशत के नुकसान में रहा था। गत शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लि. के शेयरों में भारी गिरावट आई थी।

भारत में वृद्धि की अभी बहुत गुंजाइश : ट्रूकॉलर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्वीडन के कॉलर पहचान ऐप 'ट्रूकॉलर' के उपयोगकर्ताओं की संख्या भारत में 25 करोड़ को पार कर गई है। कंपनी के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मामेदी का मानना है कि कंपनी के लिए भारत में अब भी वृद्धि की बहुत गुंजाइश है।

मामेदी ने कहा कि नए नियमनों के आने के बाद ट्रूकॉलर की 'गोपनीयता-केंद्रित, अनुमति-आधारित प्रणाली' में किसी बदलाव की उम्मीद नहीं है।'मामेदी ने कहा कि कंपनी भारत में डेटा सुरक्षा के नए नियमों का पालन करेगी और 'संचार को सुरक्षित और सरल बनाने के लिए सभी उपायों का स्वागत करती है।' मामेदी हाल ही में कंपनी के मुख्य रणनीति अधिकारी (सीएसओ) और सह-संस्थापक नमी जरिंगलम के साथ भारत आए थे। उन्होंने कहा कि 'कंपनी 'कॉलर नेम प्रजेंटेशन' पर भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के सुझाव की प्रशंसा करती है और इस संबंध में भविष्य में भी सहयोग करेगी।'

- नए डेटा सुरक्षा नियमों का अनुपालन करेंगे
- उपयोगकर्ताओं की संख्या भारत में 25 करोड़ के पार

स्पैम कॉल से बचाने की तैयारी

ट्राई ने परेशान करने वाले कॉल और संदेशों का समाधान करने के लिए हाल ही में दूरसंचार कंपनियों को तत्काल कार्रवाई करने के लिए कहा था। ट्रूकॉलर ने कहा कि वह अनचाहे और स्पैम कॉल-मैसेज से बचाने के लिए अपनी सेवा के मूल पहलुओं पर अब भी केंद्रित है। मामेदी ने बताया, 'कंपनी की भारत में भी वृद्धि की बहुत गुंजाइश है। यहां हमारे इस समय 25 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ता हैं।'

एफपीआई ने शेयर बाजार में 10,850 करोड़ रुपए डाले

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) मई में अबतक भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध लिवाल बने हुए हैं। देश के स्थिर वृहद आर्थिक माहौल, जीएसटी संग्रह के मजबूत आंकड़ों तथा कंपनियों के उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों के बीच एफपीआई ने पिछले चार कारोबारी सत्रों में शेयर बाजारों में 10,850 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले अप्रैल में एफपीआई ने शेयरों में 11,630 करोड़ रुपये और मार्च में 7,936 करोड़ रुपये डाले थे। मार्च में एफपीआई का निवेश मुख्य रूप से अमेरिका के जीक्यूजी पार्टनर्स द्वारा अदाणी समूह की कंपनियों में किया गया था। यदि अदाणी समूह की कंपनियों को मिले निवेश को हटा दिया जाए, तो मार्च में एफपीआई का प्रवाह नकारात्मक रहेगा।

निवेशकों को पसंद आ रहा है चांदी ईटीएफ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिल्वर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) निवेशकों के बीच लोकप्रिय हो रहे हैं और मार्च, 2023 तक इनका परिसंपत्ति आधार बढ़कर करीब 1,800 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने करीब डेढ़ साल पहले चांदी ईटीएफ की शुरुआत की थी। निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के प्रमुख (ईटीएफ) हेमेन भाटिया ने कहा कि सिल्वर ईटीएफ को गोल्ड ईटीएफ की तरह ही निवेशकों का समर्थन मिल रहा है, क्योंकि इसके जरिये शुद्धता का भरोसा मिलता है और भौतिक भंडारण का कोई झंझट नहीं है। भाटिया ने कहा कि इन्हें खरीदना बेचना भी आसान है। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, उद्योग में सात चांदी ईटीएफ हैं- निप्पॉन इंडिया सिल्वर ईटीएफ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल सिल्वर ईटीएफ, आदित्य बिड़ला सन लाइफ सिल्वर ईटीएफ, एचडीएफसी सिल्वर ईटीएफ, एक्सिस सिल्वर ईटीएफ, कोटक सिल्वर ईटीएफ और डीएसपी सिल्वर ईटीएफ।

- परिसंपत्ति आधार 1,800 करोड़ रुपए पर
- सेबी ने डेढ़ साल पहले चांदी ईटीएफ शुरू किया

बिकवाली कम रहने से खाद्य तेल की कीमतों में सुधार

नई दिल्ली। विदेशों में सोयाबीन तेल के दाम बढ़ने और किसानों द्वारा सस्ते में बिकवाली से बचने के कारण दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में लगभग सभी खाद्य तेल-तिलहनों की कीमतों में सुधार देखा गया। ऊंचे भाव के मद्देनजर मांग कमजोर होने से केवल मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में पिछले सप्ताह के मुकाबले गिरावट रही। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि किसानों द्वारा सस्ते में बिकवाली नहीं करने और मंडियों में आवक पिछले महीने के 10-12 लाख बोरी से मई में घटकर 7.5 लाख बोरी प्रतिदिन रहने से सरसों तेल-तिलहन में सुधार दिखा। किसानों को पिछले साल सरसों तिलहन के 7,000 रुपये क्विंटल के दाम मिले थे जब एमएसपी 5,050 रुपये क्विंटल था। इस बार सरसों का एमएसपी 5,450 रुपये क्विंटल है लेकिन मंडियों में किसानों को सरसों के दाम 4,800-4,900 रुपये क्विंटल मिल रहे हैं।

वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण सोने का आयात गिरा

बीते वित्त वर्ष में भारत का सोने का आयात 24 फीसदी घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण भारत का सोने का आयात 2022-23 में 24.15 प्रतिशत घटकर 35 अरब डॉलर रहा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2021-22 में पीली धातु का आयात 46.2 अरब डॉलर रहा था।

- वर्ष 2022-23 में 35 अरब डॉलर रहा

आंकड़ों के अनुसार, अगस्त, 2022 से फरवरी, 2023 के दौरान सोने के आयात आयात में वृद्धि नकारात्मक क्षेत्र में रही। मार्च, 2023 में यह बढ़कर 3.3 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि एक साल पहले समान महीने में यह एक अरब डॉलर रहा था। हालांकि, बीते वित्त वर्ष में चांदी का आयात 6.12 प्रतिशत बढ़कर 5.29 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

ऊंचे आयात शुल्क के कारण आई आयात में गिरावट

उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, सोने पर ऊंचे आयात शुल्क और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण पीली धातु के आयात में गिरावट आई है। एक विशेषज्ञ ने कहा, 'भारत ने अप्रैल-जनवरी, 2023 के दौरान लगभग 600 टन सोने का आयात किया। ऊंचे आयात शुल्क की वजह से यह घटा है। सरकार को घरेलू उद्योग की मदद करने के लिए शुल्क के हिस्से पर विचार करना चाहिए।'

व्यापार घाटे को कम करने में मदद मिली

सोने के आयात में भारी गिरावट के बावजूद देश के व्यापार घाटे को कम करने में मदद नहीं मिली है। आयात और निर्यात का अंतर व्यापार घाटा कहलाता है। वित्त वर्ष 2022-23 में व्यापार घाटा 267 अरब डॉलर रहने का अनुमान है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 191 अरब डॉलर रहा था।

भारत सोने का सबसे बड़ा आयातक

भारत सोने का सबसे बड़ा आयातक है। सोने के आयात से देश के आभूषण उद्योग की मांग को पूरा किया जाता है। मात्रा के लिहाज से भारत सालाना 800-900 टन सोने का आयात करता है। बीते वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान रत्न और आभूषण निर्यात तीन प्रतिशत घटकर लगभग 38 अरब डॉलर रहा है।

तापमान गिरने से अप्रैल में एसी की बिक्री 15 प्रतिशत घटी

नई दिल्ली। उत्तर भारत में अप्रैल के अंत और मई की शुरुआत में बेमौसम बारिश होने से एयर कंडीशनर (एसी), फ्रिज और कूलर जैसे ठंडक देने वाले उत्पादों की बिक्री मंद पड़ गई है। विभिन्न कंपनियों ने बताया कि ग्राहकों ने अप्रैल और मई में एसी की खरीद टाल दी है। 15 प्रतिशत तक गिरावट देखी है।हालांकि, पैनासोनिक, गोदरेज और दाइकिन जैसे विनिर्माता उम्मीद कर रहे हैं कि इन उत्पादों की बिक्री गर्मी बहाल होते ही सामान्य हो जाएगी।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
गुजरात	11	8	3	16
चेन्नई	11	6	4	13
लखनऊ	11	5	5	11
राजस्थान	11	5	6	10
बेंगलोर	10	5	5	10
मुंबई	10	5	5	10
पंजाब	10	5	5	10
कोलकाता	10	4	6	8
हैदराबाद	10	4	6	8
दिल्ली	10	4	6	8

औरेंज कैप

डु प्लेसिस

511 रन

पर्पल कैप

मो. शमी

19 विकेट

खबर संक्षेप

कोहली और गांगुली में हुई सुलह, मिलाए हाथ

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर मैच के बाद एक ऐसा नजारा देखने को मिला, जिस पर किसी को विश्वास नहीं हुआ। कोहली ने दिल्ली कैपिटल्स के डायरेक्टर और भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली से हाथ मिलाया। अब कोहली और गांगुली ने सभी विवादों पर विराम लगाते हुए हाथ मिला लिया। गांगुली ने न सिर्फ हाथ मिलाया बल्कि कुछ समय तक विराट से बात भी की। दोनों मुस्कुराए और फिर चले गए।

कोच्चर ने हासिल किया 26वां स्थान

सियोंगनैम। भारत के करणदीप कोच्चर ने अंतिम दिन एक ओवर 72 के स्कोर से यहां जीएस कैलटेक्स मेकयुंग गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 26वां स्थान हासिल किया। कोच्चर ने 69, 69 और 72 के स्कोर से कुल तीन अंडर 210 का स्कोर बनाया। अनुभवी जीव मिल्खा सिंह अंतिम दौर में 71 के स्कोर से कुल एक अंडर 212 के स्कोर के साथ संयुक्त 36वें स्थान पर रहे। अन्य भारतीयों में हनी बैसोया (69, 72 और 73) संयुक्त 51वें जबकि गगनजीत भुल्लर (72, 70 और 76) संयुक्त 68वें स्थान पर रहे।

बोपन्ना का सपना टूटा फाइनल में मिली हार

मैड्रिड। भारत के नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डन सीजन का अपना दूसरा एटीपी मास्टर्स खिताब जीतने से चूक गए। बोपन्ना को मैड्रिड ओपन के पुरुष युगल फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को कारेन खाचानोव और आंद्रेई रुब्लेव से 6-3, 3-6, 10-3 से हार का सामना करना पड़ा। रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एब्डन सत्र का अपना तीसरा खिताब जीतने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने इस साल कतर ओपन और इंडियन वेल्स के खिताब जीते हैं। यह बोपन्ना का सीजन का चौथा फाइनल था। वह हमवतन सानिया मिर्जा के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन के मिक्सड डब्लस के फाइनल में पहुंचे थे। रूसी जोड़ी ने खिताबी मुकाबला 71 मिनट में जीता।

डब्लूटीसी फाइनल के लिए ठोका दावा

नई दिल्ली। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला इस साल 7 जून से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाएगा। भारत ने अप्रैल में ही अपने स्क्वॉड ता ऐलान कर दिया था। इस मुकाबले से पहले भारत को कुछ खिलाड़ी इंजरी का सामना कर रहे हैं। टीम मैनेजमेंट अब राहुल के विकल्प की तलाश में है। साहा ने 51वें मैच के पावरप्ले के दौरान ही अपना अर्धशतक पूरा कर दावा ठोक दिया है।

फुटबॉल

रियल मैड्रिड नौ साल बाद बना कोपा डेल रे चैंपियन

ओसासुना को 2-1 से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶ सेविले

रोड्रिगो के दो गोल की मदद से रियल मैड्रिड ने फाइनल में ओसासुना को 2-1 से हराकर नौ साल बाद कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। रोड्रिगो ने ब्राजील के अपने साथी खिलाड़ी वीनीसीयस जूनियर के पास पर खेल के दूसरे मिनट में ही गोल करके रियल मैड्रिड को बढ़त दिला दी थी। ओसासुना के लुकास टोरो ने 58वें मिनट में बराबरी का गोल दागा, लेकिन रोड्रिगो ने 70वें मिनट में रियल मैड्रिड को आगे कर दिया। उनका यह गोल आखिर में निर्णायक साबित हुआ। रियल मैड्रिड में इससे पहले 2014 में कोपा डेल रे का खिताब जीता था। वह अब चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में मंगलवार को मैनचेस्टर सिटी की मेजबानी करेगा।

गलत साबित हुआ हालैंड का फैसला, केन ने रूनी को पछाड़ा

मैनचेस्टर। इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले एर्लिंग हालैंड का एक फैसला मैनचेस्टर सिटी पर भारी पड़ता नजर आ रहा था लेकिन आखिर में वह लीड्स पर 2-1 से जीत दर्ज करके इंग्लिश प्रीमियर लीग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने में सफल रहा। नार्वे के स्ट्राइकर हालैंड ने इस सत्र में शायद ही कोई गलती की होगी लेकिन शनिवार को उनका एक फैसला गलत साबित हुआ। मैनचेस्टर सिटी जब 2-0 से आगे चल रहा था तब उसे पेनल्टी मिली लेकिन हालैंड ने पेनल्टी लेने के बजाय उसे लेने का जिम्मा इल्के गुंडोगन को सौंप दिया जो हैट्रिक पर थे। इल्के गुंडोगन का शॉट हालांकि गोलपोस्ट से टकरा गया और इसके एक मिनट बाद लीड्स ने गोल कर दिया। बहरहाल मैनचेस्टर सिटी यह मैच जीतने में सफल रहा जिससे उसके 34 मैचों में 82 अंक हो गए हैं और वह दूसरे नंबर पर काबिज आर्सेनल से चार अंक आगे हो गया है।

हैरी केन ने दागा 209वां गोल

हैरी केन प्रीमियर लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने टोटेनहैम की क्रिस्टल पैलेस पर 1-0 से जीत में गोल दागा जो उनका प्रीमियर लीग में 209वां गोल था। उन्होंने वायने रूनी को पीछे छोड़ा। प्रीमियर लीग में अब उनसे अधिक बोल केवल एलन शियरर के नाम दर्ज हैं जिन्होंने 260 गोल किए थे। केन टोटेनहैम की तरफ से एक सत्र में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड पहले ही अपने नाम कर चुके हैं। अन्य मैचों में लिवरपूल ने बैंटफोर्ड को 1-0 से जबकि वॉल्वरहैम्प्टन ने एस्टन विला को इसी अंतर से हराया। चेल्सी ने बोर्नमाउथ को 3-1 से हराकर जीत का लंबा इंतजार खत्म किया।

आईपीएल : टाइटंस के 11 मैच में आठ जीत से 16 अंक

गुजरात प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम, लखनऊ को दी मात

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग के एकतरफा मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपर जाइंट्स को 56 रन से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। टीम के 11 मैच में आठ जीत से 16 अंक हो गए हैं। गुजरात मौजूदा सीजन के प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई है।

लखनऊ की टीम 11 मैच में 11 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। टाइटंस के 228 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपर जाइंट्स की टीम क्विंटन डिकॉक (70) के अर्धशतक और काइल मायर्स (48) के साथ उनकी पहले विकेट की 88 रन की साझेदारी के बावजूद सात विकेट पर 171 रन ही बना सकी।

साहा और गिल ने जोड़े 142 रन

मोहित ने टाइटंस की ओर से 29 रन देकर चार विकेट चटकाए। मोहम्मद शमी, राशिद खान और नूर अहमद ने एक-एक विकेट चटकाया। टाइटंस ने इससे पहले शुभमन गिल (51 गेंद में नाबाद 94) और रिद्धीमान साहा के बीच (43 गेंद में 81 रन) के बीच पहले विकेट की 12.1 ओवर में 142 रन की साझेदारी से दो विकेट पर 227 रन बनाए थे जो टीम का आईपीएल का सर्वाधिक स्कोर है। साथ ही यह टीम की ओर से किसी भी विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी भी है। कप्तान हार्दिक पंड्या (25) और डेविड मिलर (नाबाद 21) ने भी उपयोगी योगदान दिया।

साहा की विस्फोटक पारी

साहा ने मौजूदा सीजन में पहली हाफ सेंचुरी जमाई। उन्होंने 20 बॉल पर अर्धशतक जमाया। यह उनके करियर की 12वीं हाफ सेंचुरी है। साहा ने 43 बॉल पर 81 रन बनाए। गिल सीजन का चौथा अर्धशतक जमाया है। यह गिल के कॅरियर का 18वां अर्धशतक है। उन्होंने 29 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की। गिल ने 51 बॉल पर नाबाद 94 रन बनाए।

स्कोर बोर्ड

गुजरात टाइटंस	रन	गेंद	4	6
साहा का स्थानापन्न बो आवेश	81	43	10	4
शुभमन गिल नाबाद	94	51	2	7
पंड्या का कृणाल बो मोहसिन	25	15	1	2
डेविड मिलर नाबाद	21	12	2	1

अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में 227/2

गेंदबाजी : मोहसिन 3-0-42-0, आवेश 4-0-34-1, कृणाल 4-0-38-0, ठाकुर 4-0-48-0, बिश्नोई 2-0-21-0, मायर्स 1-0-16-0, स्वप्निल 1-0-7-0, स्टोइनिस 1-0-20-0.

लखनऊ सुपर जाइंट्स	रन	गेंद	4	6
मायर्स का राशिद बो मोहित	48	32	7	2
क्विंटन डिकॉक बो राशिद	70	41	7	3
हुड्डा का तेवतिया बो शमी	11	11	0	0
स्टोइनिस का शमी बो मोहित	04	09	0	0
निकोलस पूरन का शमी बो नूर	03	06	0	0
आयुष बडोनी का नूर बो मोहित	21	11	1	2
स्वप्निल सिंह नाबाद	02	04	0	0
कृणाल का मिलर बो मोहित	00	01	0	0
रवि बिश्नोई नाबाद	04	05	1	0

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 171/7

गेंदबाजी : शमी 4-0-37-1, हार्दिक 3-0-37-0, राशिद 4-0-34-1, नूर 4-0-26-1, मोहित 4-0-29-4, जोसेफ 1-0-5-0.

प्रवीण, साबले और पारुल ने बनाए राष्ट्रीय रिकॉर्ड



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

त्रिकूद एथलीट प्रवीण चित्रावल ने क्यूबा में आयोजित प्रतियोगिता में 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाइंग मानक हासिल करने के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किया। वहीं अविनाश साबले और पारुल चौधरी ने अमेरिका में चल रही ट्रैक स्पर्धा में क्रमशः पुरुषों और महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए।

चित्रावल ने क्यूबा के हवाना में 'वी प्रुएबा डे कॉन्फ्रॉन्टासियन 2023 प्रतियोगिता' में 17.37 मीटर की कूद के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्व एथलेटिक्स की 'एफ' श्रेणी की इस स्पर्धा में उन्होंने 2016 में रंजीत महेश्वरी के 17.30 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। इक्कीस साल के चित्रावल ने 2023 बुडापेस्ट विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग मानक 17.20 मीटर को भी पार कर लिया।

12वें स्थान पर रहे साबले

साबले और पारुल ने शनिवार को अमेरिका के लॉस एंजिल्स में 'वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर सिल्वर लेवल इवेंट साउंड रनिंग ट्रैक फेस्टिवल' में पुरुषों और महिलाओं के 5000 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किए। साबले ने 13 मिनट 19.30 का समय निकालकर अपने पहले के राष्ट्रीय रिकॉर्ड (13 मिनट 25:65 सेकंड) में सुधार किया। वह हालांकि इस स्पर्धा में 12वें स्थान पर रहे। पारुल 15 मिनट 10:35 सेकंड के समय के साथ नौवें स्थान पर रही। उन्होंने प्रीजा श्रीधरन का 13 साल पुराना रिकॉर्ड अपने नाम किया। प्रीजा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 15 मिनट 15.89 सेकंड का था।

एशियाई चैंपियनशिप

जेरेमी लालरिनुंगा ने स्नैच में जीता रजत

एजेंसी ▶▶ जिंजू

भारतीय भारोत्तोलक जेरेमी लालरिनुंगा ने रविवार को यहां एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में पुरुषों के 67 किग्रा भार वर्ग के स्नैच में रजत पदक जीता, लेकिन क्लीन एवं जर्क में वह तीनों प्रयासों में नाकाम रहे जिससे कुल योग में जगह नहीं बना सके।

राष्ट्रमंडल खेल 2022 के बाद अपने पहले टूर्नामेंट में भाग ले रहे जेरेमी 12 भारोत्तोलकों के बीच अकेले ऐसे खिलाड़ी रहे जो अपनी स्पर्धा पूरी नहीं कर पाए। उनका यह भार वर्ग हालांकि ओलंपिक का हिस्सा नहीं है। जेरेमी ने स्नैच में 141 किग्रा भार उठाकर अपने सर्वश्रेष्ठ

प्रदर्शन की बराबरी की और रजत पदक जीता। वह क्लीन एवं जर्क में अपने पहले दो प्रयासों में 165 किग्रा वजन नहीं उठा पाए। युवा ओलंपिक के चैंपियन 20 वर्षीय जेरेमी ने तीसरे प्रयास के लिए वजन बढ़ाकर 168 किग्रा कर दिया लेकिन वह इसे उठाने में भी असफल रहे। यह भार उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से दो किलो अधिक था।

रोमांचक मैच में चार विकेट से जीता हैदराबाद

आखिरी गेंद नोबॉल कर हारा राजस्थान, जीता सनराइजर्स

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान रॉयल्स को इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आखिरी गेंद पर संदीप शर्मा का नोबॉल करना भारी पड़, जिससे टीम ने लगभग जीती हुई बाजी चार विकेट से गंवा दी।

सनराइजर्स हैदराबाद को आखिरी ओवर में जीत के लिए 17 और फिर आखिरी गेंद पर पांच रन की जरूरत थी और गेंद संदीप शर्मा के हाथों पर थी। क्रीज पर खड़े अब्दुल समद (सात गेंद में नाबाद 17 रन) का शॉट सीधे जोस बटलर के हाथों में जाते ही राजस्थान ने जश्न

मनाना शुरू किया ही था कि नोबॉल का साइरन बज गया। अगली गेंद पर समद ने छक्का लगाकर टीम को यादगार जीत दिला दी। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट 214 रन बनाए लेकिन सनराइजर्स ने आखिरी गेंद तक चले मुकाबले को छह विकेट पर 217 रन बनाकर 10 मैचों में चौथी जीत दर्ज की। हैदराबाद को आखिरी दो ओवर में जीत के लिए 41 रन चाहिए थे तब मैन ऑफ द मैच ग्लेन फिलिप्स ने कुलदीप यादव के खिलाफ हैट्रिक छक्का और चौका लगाकर मैच का रूख अपनी टीम की ओर मोड़ा। उन्होंने सात गेंद में 25 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। युजवेंद्र चहल राजस्थान के सबसे सफल गेंदबाज रहे उन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर चार विकेट लिए। वह इसके साथ ही आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले की सूची में डेवन ब्रावो के साथ शीर्ष पर आये। दोनों के नाम इस लीग में 183 विकेट है।

स्कोर बोर्ड

राजस्थान रॉयल्स	रन	गेंद	4	6
यशस्वी का नटराजन बो यानसन	35	18	5	2
जोस बटलर पगबाधा भुवनेश्वर	95	59	10	4
संजू सैमसन नाबाद	66	38	4	5
शिमरोन हेटमायर नाबाद	07	05	0	0

अतिरिक्त : 11, कुल : 20 ओवर में 214/2

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-44-1, यानसन 4-0-44-1, नटराजन 4-0-36-0, मार्कंडेय 4-0-51-0, अभिषेक 2-0-15-0, विवरांत 2-0-18-0.

सनराइजर्स हैदराबाद	रन	गेंद	4	6
सिंह का हेटमायर बो चहल	33	25	4	1
अभिषेक का चहल बो अश्विन	55	34	5	2
त्रिपाठी का जायसवाल बो चहल	47	29	2	3
क्लासेन का बटलर बो चहल	26	12	2	2
एडेन मार्करम पगबाधा चहल	16	05	1	0
फिलिप्स का हेटमायर बो कुलदीप	25	07	1	3
अब्दुल समद नाबाद	17	07	0	2
मार्को यानसन नाबाद	03	02	0	0

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 217/6

गेंदबाजी : संदीप 4-0-48-0, कुलदीप 4-0-50-1, अश्विन 4-0-34-1, चहल 4-0-29-4, मुरुगन 3-0-42-0, मैक्कॉय 1-0-13-0.

सबालेंका ने जीता कॅरियर का 13वां खिताब

मैड्रिड। दुनिया में शीर्ष रैंकिंग की दो खिलाड़ियों के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले में आर्यना सबालेंका ने इगा स्वियाटेक को हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल का खिताब जीता। विश्व में दूसरी रैंकिंग की खिलाड़ी सबालेंका ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में शीर्ष रैंकिंग वाली स्वियातेक को 6-3, 3-6, 6-3 से पराजित किया। बेलारूस की खिलाड़ी सबालेंका दो सप्ताह पहले स्टुटगार्ट ओपन के फाइनल में हार गई थी और इससे पहले वह पोलैंड की अपनी प्रतिद्वंदी स्वियाटेक के खिलाफ क्ले कोर्ट पर खेले गए तीन मुकाबलों में जीत दर्ज नहीं कर पाई थी। उन्होंने हालांकि यहां आक्रामक रवैया दिखाया तथा ढाई घंटे तक चले मैच में जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सबालेंका का यह इस सत्र में तीसरा और कॅरियर का कुल 13वां खिताब है।

गुफाओं में रहने वाली महिला ने पहना था 20 हजार साल पहले गहना

मास्को। महिलाओं के गले की शोभा बढ़ाने वाला दुनिया का सबसे पुराना पेंडेंट 20 हजार साल पहले पहना गया था। वैज्ञानिकों की लंबी पड़ताल में ये खुलासा हुआ है। साइबेरिया में हुए एक शोध में वैज्ञानिकों ने डीएनए जांच की नई विधि में हड्डियों से बनी पुरानी वस्तुओं की पड़ताल के बाद ये खुलासा किया है। सदियों पुराने इस बेशकीमती नेकलेस की खबर मॉस्को में बैठे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अधिकारियों को दे दी गई है। अब आगे इस पेंडेट का क्या किया जाएगा इसका फैसला होना अभी बाकी है।इसे हिरण के दांत से बनाया गया था। वैज्ञानिकों की पड़ताल में यह भी पता चला है कि ऐसे आभूषणों को कहां और कौन से लोग इस्तेमाल करते थे। मॉर्डन डीएनए एनालिसिस के अलावा कई अन्य विधियों से बारीक पड़ताल करने के बाद पता चला है कि इस पेंडेट को आज से करीब 20 हजार साल पहले दक्षिणी साइबेरिया के डेनसोवा की गुफाओं में रहने वाली किसी महिला ने पहना था।





साइबेरिया में पुरातत्वविदों को मिला अनूठा जेवर, शोध जारी

रिपोर्ट के मुताबिक इस पेंडेंट को बनाने वाले शख्स ने कितनी बारीकी से हिरण के दांत में छेद किया होगा ताकि वो टूटे भी नहीं और उसे आसानी से किसी धागे में लटकाने के बाद गले में पहना जा सके। नेचर की रिपोर्ट के मुताबिक, पेंडेंट में उस महिला का डीएनए मौजूद था क्योंकि यह खुरदरा था। जर्मनी में मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर इवोल्यूशनरी एंथ्रोपोलॉजी की साइंटिस्ट एलेना ने कहा, 'हमने तापमान बढ़ाते हुए पेंडेंट को सोडियम फॉस्फेट बफर घोल में डुबोया। फिर हमने इसकी जीनोम सिक्वेसिंग करके सबकुछ पता लगा लिया।

रिसर्च टीम के मन में क्या चल रहा था?

रिसर्च टीम का हिस्सा रहीं एस्सेल ने कहा कि इस नायाब कलाकृति को अपने हाथों में पकड़कर वो भी मानो पाषाण काल में पहुंच गईं। उन्होंने यह भी कहा, 'जैसे ही मैंने उसे देखा तो मेरे मन में कई प्रश्नों की बाढ़ आ गई। जैसे इसे बनाने वाला कौन था? क्या यह पेंडेट वाला नेकलेस एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक यानी एक मां से एक बेटी को या एक पिता से एक बेटे को दिया गया होगा? हमनें आनुवंशिक उपकरणों का उपयोग करके ऐसे कई सवालों का जवाब ढूंढने की कोशिश की है।

रोचक खबरें

चाहतः रातोंरात अरबपति बना शख्स, अब नहीं पच रही है अमीरी, वापस चाहता है पुरानी ज़िंदगी!

न्यूयार्क। अगर किसी को एक झटके में इतनी दौलत हाथ लग जाए, जितनी पहले कभी देखी भी न हो, तो उसे अपना दिल थाम पाना मुश्किल हो जाता है। हालांकि कुछ लोग इसके बाद भी वैसे के वैसे ही रहते हैं। ऐसे ही हुआ एक बिल्डर के साथ, जिसकी 9 अरब रूपये से ज्यादा की लॉटरी लग गई, लेकिन उसे अपनी पुरानी ज़िंदगी ही याद आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक स्टीव थॉमसन नाम के शख्स की कोई 10-20 करोड़ की नहीं बल्कि 9 अरब 49 करोड़ रुपये से ज्यादा की लॉटरी लगी है। यूरो मिलियंस के ज़रिये स्टीव 105 मिलियन डॉलर यानि लगभग साढ़े 9 अरब रुपये जीते हैं लेकिन उन्हें अब अपनी पुरानी ज़िंदगी याद आती है। रिपोर्ट के मुताबिक स्टीफ ससेक्स में विंडो एंड कंजर्वेटरीज़ के बिजनेस में थे। अब उनकी ज़िंदगी बदल चुकी है। वे आराम से घर में अपने परिवार के साथ वक्त बिताते हैं और अपने डॉग के साथ वॉक पर निकलते हैं। हालाकि उन्हें ये सब कुछ उबाऊ लग रहा है और वे कंस्ट्रक्शन साइट पर लोगों के साथ हंसी-मज़ाक करते हुए काम करना मिस कर रहे हैं। उनके साथ के लोग बताते हैं कि इतना अमीर हो जाने के बाद भी बहुत कम लोग वैसे के वैसे रह पाते हैं और स्टीव उनमें से एक हैं। वे बिल्डर के तौर पर अपने काम को बहुत एंजॉय करते हैं।

Steve & Lenka Thomson
19/11/19
105,100,701.90
THE NATIONAL LOTTERY

बुरे फंसेः प्रिंसिपल ने स्टूडेंट्स को दिखाया मशहूर स्टैच्यू, लेकिन क्यों भड़क उठे पेरेंट्स?

फ्लोरिडा। कई बार हम घूमने जाते हैं तो वहां की हर चीज को कैमरे में कैद कर लेना चाहते हैं। लेकिन तस्वीरें खिंचाते समय हम इन चीजों का ध्यान नहीं रखते कि आगे पीछे क्या है। यही लापरवाही एक प्रिंसिपल को भारी पड़ गई। स्टूडेंट्स को म्यूजियम घुमाने ले गईं प्रिंसिपल ने एक ऐसी स्टेच्यू दिखा दी कि उन्हें स्कूल से इस्तीफा तक देना पड़ा। होप कैरासक्विला फ्लोरिडा के एक स्कूल में प्रिंसिपल बनकर आईं। एक दिन वह अपने सभी स्टूडेंट्स को लेकर इटली के फ्लोरेंस शहर में स्थित एक मशहूर म्यूजियम देखने गईं। वहां खूब सारी कलाकृतियां रखी हुई हैं। इनमें एक डेविड का विशाल स्टेच्यू भी है। यह इतनी मशहूर है दुनियाभर के हजारों लोग हर साल इसे देखने के लिए आते हैं। महान मूर्तिकार, चित्रकार और वास्तुकार माइकल एंजेलो ने इसे बनाया है। प्रिंसिपल को लगा कि इसे स्टूडेंट्स को दिखाना चाहिए। देखकर स्टूडेंट्स जब घर पहुंचे तो अपने पेरेंट्स को तस्वीरें दिखाई। उसके बाद हंगामा हो गया। पेरेंट्स शिकायत लेकर पहुंच गए। कहा-हमारे बच्चे को अश्लील स्टेच्यू दिखाई गई है। पेरेंट्स ने कहा, अगर हमें यह बताया गया होता कि बच्चे वहां जा रहे हैं तो हम भेजते ही नहीं। स्कूल ने जांच बिठाई और आखिरकार प्रिंसिपल से कहा गया कि या तो वह इस्तीफा दे दें नहीं तो बर्खास्त कर दिया जाएगा। आप सोच रहे होंगे कि स्टेच्यू में ऐसा क्या था कि प्रिंसिपल को इस्तीफा देना पड़ा। दरअसल, डेविड की यह मूर्ति नंगी है। बदन पर एक भी कपड़े नहीं हैं।

नसीब अपना-अपनाः कभी थी करोड़ों की मालकिन लेकिन 4 साल से कार में बिता रही थी जिंदगी

दुबई। जिंदगी कब बदल जाए कहना मुश्किल है ! एक महिला जो कुछ वर्षों पहले तक करोड़ों की मालकिन थी। दुबई में आलीशान घर, नौकर-चाकर सब थे। वही, 4 साल से होंडा सिटी कार में अपने दो कुत्तों के साथ जिंदगी बिताने को मजबूर थी। मदद की आस लगाए बैठी थी। लेकिन कोई भी रास्ता नहीं सूझ रहा था। आखिरकार एक दिन फिर जिंदगी ने पलटी मारी। उसे मदद मिली और वह फिर अपने पैरों पर खड़ी होने जा रही है। यह कोई काल्पनिक कहानी नहीं, बल्कि दुबई में रह रही भारतीय महिला प्रि ाया की हकीकत है। प्रिवया करीब 40 साल से दुबई में रह रही हैं। उनके माता-पिता का लंबा कारोबार था। अन्य लोगों की तरह लग्ज़ीरियस घर में रहते थे। लेकिन एक दिन अचानक उनके पिता का निधन हो गया। मां बीमार रहने लगीं। इलाज पर बहुत सारा पैसा खर्च हो गया। प्रिउया ने कुछ संभालने की कोशिश की लेकिन कारोबार में काफी नुकसान हुआ और हालात बद से बदतर होते चले गए। कुछ साल पहले प्रिया की मां का भी निधन हो गया। इसके बाद सबकुछ बर्बाद हो गया। हालात यहां तक पहुंच गए कि घर भी प्रिकया के पास नहीं बचा। यहां तक कि उन्होंने घरों में नौकरानी के रूप में भी काम किया। हालांकि, उन्होंने वह होंडा सिटी कार बचा ली थी, जिससे उनकी मां की यादें जुड़ी हुई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी मां ने अपने आखिरी दिन उसी कार में बिताए थे। इसलिए प्रिंया उसे अपने से दूर नहीं रखना चाहतीं थी। इस बीच उनका वीजा समाप्त हो गया।



यूरोप की अजीबोगरीब परंपराएं

पत्नी को पीठ पर टांग कर होती है रेस, कहीं पिटाई भी

लंदन। यूरोप दुनिया के सबसे अमीर महाद्वीपों में से एक है। यहां मौजूद देशों को काफी विकसित माना जाता है, लेकिन इसके बाद भी इन देशों में अलग-अलग मान्यताओं और रीति-रिवाजों का पालन किया जाता है, जो काफी विचित्र हैं। आज हम आपको ऐसी ही सात अजीबोगरीब मान्यताओं के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके बारे में जानकर आपको हैरानी होगी।

पत्नी को गोद में उठाकर होती है दौड़

अजीबोगरीब रीति-रिवाजों की लिस्ट में फिनलैंड में खेले जाने वाले वाइफ कैरिंग चैंपियनशिप भी शामिल है, जिसमें पत्नी को अपने ऊपर टांगकर रेस लगाई जाती है। इसमें ज्यादातर लोग पत्नी को पीठ पर उल्टा टांग लेते हैं, जिससे पति दोनों पैरों को अपने हाथों से पकड़कर भाग सके। रेस में जीतने वाले पुरुष को उसकी पत्नी के वजन के बराबर बियर मिलती है।

पेड़ की टहनियों से महिलाओं की पिटाई

चेक गणराज्य में बेहद अजीबोगरीब परंपरा का पालन किया जात है, जिसमें पुरुष ईस्टर मंडे को पेड़ की टहनियों से महिलाओं को पीटते हैं। इसके बदले में महिलाएं पुरुषों को अच्छी पिटाई करने के लिए पुरस्कार भी देती हैं। इस परंपरा के तहत कम उम्र के पुरुषों को रंगीन अंडा दिया जाता है और अधेड़ उम्र के पुरुषों को शराब मिलती है। इन लोगों का मानना है कि पिटाई करने से महिलाओं में फर्टिलिटी बेहतर होती है।

दुल्हन पर लगाई जाती है कालिख

स्कॉटलैंड में सालों से चली आ रही एक प्रथा के तहत लोग होने वाली दुल्हन पर शादी से पहले कालिख लगाते हैं। इतना ही नहीं होने वाली दुल्हन को कीचड़ से लेकर अंडे और अन्य चीजों से नहलाया जाता है। लोगों का मानना है कि इससे दुल्हन के अंदर सहनशीलता आती है, जो शादी के बाद आने वाली समस्याओं झेलने में मदद करती है।

टमाटर से होली खेलना है जुनून

इस फेस्टिवल को आपने 'जिंदगी न मिलेगी दोबारा' फिल्म के एक गाने में जरूर देखा होगा। स्पेन में होने वाला इस अजीबोगरीब टोमाटीनो फेस्टिवल में सैकड़ों किलो टमाटर की बर्बादी होती है। एक दूसरे पर टमाटर फेंकने वाला यह त्योहार अगस्त के आखिरी बुधवार के दिन मनाया जाता है।

क्रॉस पाने कूद पड़ते हैं बर्फीले पानी में

डानुबे क्रॉस स्विमिंग एक तरह की प्रतियोगिता है, जिसका आयोजन रोमानिया में होता है। इस अजीबोगरीब रेस में चर्च के प्रीस्ट एक क्रॉस को भयंकर ठंड में नदी में फेंक देते हैं। ठंड इतनी ज्यादा होती है कि नदी का पानी भी बर्फीला हो जाता है, ऐसे में पुरुषों को नदी में जाकर सबसे पहले क्रॉस हासिल करना होता है। माना जाता है कि जो व्यक्ति सबसे पहले क्रॉस को खोज कर ले आता है ।

मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

▶▶| सुकमा

छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे भद्रादी कोठागुड़म जिले में हुई नक्सल पुलिस मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर हो गए। वहीं मृत नक्सलियों के पास से दो हथियार भी बरामद किया गया है। दोनों ही शवों को रविवार को भद्राचलम लाया गया। वहीं नक्सली नेता आजाद ने इस मुठभेड़ को फर्जी करार दिया है।

- दो हथियार भी बरामद किये सुरक्षा बलों ने

भद्राद्री कोठागुड़म जिले के एसपी द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार प्रतिबंधित भाकपा-माओवादी पार्टी की एक एक्शन टीम पुलिसकर्मियों पर हमला करने के उद्देश्य से तेलंगाना-छत्तीसगढ़ राज्यों के सीमावर्ती इलाके में घूम रही है, इसकी सूचना पर पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। पुलिस पर जंगली क्षेत्र में करीब सुबह 6.10 बजे माओवादियों ने अचानक ऊंची जगह से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने तुरंत जवाबी फायरिंग की तथा कुछ मिनटों तक माओवादियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। बाद में पुलिस ने उस जगह पर सर्च ऑपरेशन चलाया। जहां दो शव बरामद हुए, एक एसएलआर हथियार, एक 12 बोर की बंदूक और अन्य सामान बरामद किया गया। दो शवों में से एक चेरला एलओएस एरैंया राजेश मड़कम के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि एक अन्य मृतक के बारे में अभी पता नहीं चल पाया है, फिलहाल तलाशी अभियान जारी है।

फर्जी है मुठभेड़, आरोप

इधर पुलिस के द्वारा जारी प्रेस नोट के बाद नक्सली लीडर आजाद ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि उक्त क्षेत्र मे किसी भी तरह की मुठभेड़ नही हुई है। घटना में मृत राजेश मड़कम जो कि सुकमा जिले का रहवासी था जो 19 वर्ष की उम्र मे दलम में शामिल हुआ था और वर्तमान मे उसे कमांडर के रूप में पदोन्नत किया गया था। इस निहत्थे को पुलिस ने मय हथियार मुठभेड़ में मारने का दावा किया गया है।

माओवादियों से बातचीत के लिए याद दिलाया चुनावी घोषणापत्र

कोंडागाँव। ज़िले के बड़े डोंगर में रविवार को एक ऐतिहासिक शुरुआत हुई। बड़े डोंगर के गोंडवाना भवन में हुई चैकले मांदी (सुख शांति के लिए बैठक) में समाज ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया। इस द्विपक्षीय प्रस्ताव में एक ओर सरकार को पिछले चुनाव में उनके द्वारा नक्सल समस्या को समाप्त करने के लिए बातचीत के गम्भीर प्रयास करने के चुनावी घोषणापत्र के वादे पर ध्यान देने का आग्रह किया गया है।

- चैकले मांदी में का आयोजन हुआ बड़े डोंगर में, जुटे शांति समर्थक

नई शांति प्रक्रिया के संयोजक शुभ्रांशु चौधरी ने इस संबंध में बताया कि प्रस्ताव के दूसरे हिस्से में माओवादियों से बातचीत में संविधान में लिखे आदिवासी समाज के अधिकारों को लागू करने के लिए सरकार से बातचीत करने का आग्रह किया गया है। हलबा समाज से ज़िला प्रमुख शिव कुमार पात्र ने कहा यद्यपि इस प्रस्ताव को मूलतः गोंडवाना समाज ने पारित किया है पर हम सभी समाज इस प्रस्ताव के पक्ष में हैं और हम जल्द ही इस प्रस्ताव को हमारी ग्राम सभा में पारित करवाकर आगे भेजने का प्रयास करेंगे।

गोंडवाना समाज के प्रमुख तेज मंडावी ने कहा हम चाहते हैं कि ऐसे प्रस्ताव सभी गाँव से आएँ। हम इस प्रस्ताव को सर्व आदिवासी समाज के ज़िला प्रमुख को इस आग्रह के साथ भेज रहे हैं कि वे दोनों पक्षों को हमारे आग्रह को आगे भेज दें। हमारे गाँव में ही इस हिंसा की शुरुआत १९९१ में हुई थी और हमें बहुत ख़ुशी है कि इसके समापन की शुरुआत भी हमारे से हो रही है।

फुटबॉल की तरह वह मोड़ लेती है शरीर, कमाती है 28 लाख रुपए

लॉस एंजेलिस। जो लोग सर्कस में काम करते हैं, वो कई ऐसे करतब दिखाते हैं जो आम आदमी नहीं कर पाते। ऊंचाई से छलांग लगा देना, मौत के कुएं में गाड़ी चलाना या फिर बदन को मोड़ना-घुमाना जैसे वो इंसान नहीं फुटबॉल हों! ऐसा ही अमेरिका की एक महिला के अंदर भी हुनर था जिसके चलते वो सर्कस में काम करने लगी, पर सर्कस छोड़कर उसने वीडियोज बनाना शुरू किया और खुद की प्रतिभा को दूसरों के सामने दिखाने लगी। अब लोग उसे इलास्टिक गर्ल कहते हैं। हम बात कर रहे हैं लॉस एंजेलिस की रहने वाली 26 साल की लूना केनडी के बारे में। द सन वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार वो हर महीने 28 लाख रुपये तक की कमाई करती हैं। वो ओन्लीफैंस वेबसाइट पर ग्लैमरस अंदाज में अपने शरीर को मोड़ते हुए वीडियोज पोस्ट करती रहीं। इसी के जरिए वो इतने रुपयों की कमाई कर डालती हैं। बचपन से ही उन्होंने बैले और एक्रोबैटिक्स करना शुरू कर दिया था। पर 15 साल की उम्र में पता चला कि उन्हें पेरिवेंट्रिक्यूलर नोड्यूलर हेट्रोटोपिया डिसऑर्डर है। इसके कारण उन्हें मिर्गी के दौरे पड़ने लगे और अक्सर थकान मेहसूस होती थी।

लोगों को पसंद आता है उनके स्ट्रेचिंग का यह तरीका

6 साल बाद उन्हें एक मॉडलिंग एजेंसी से ऑफर आया पर साल 2019 में उन्होंने जिंदगी का पहला सर्कस परफॉर्मेंस देखा और उन्हें लग गया कि वो उसी के लिए बनी हैं। उन्होंने पिट्सबर्ग सर्कस आर्ट्स कोलैबोरेटिव को जॉइन कर लिया और पेंसिलवेनिया में अपना पहला परफॉर्मेंस दिया। फिर वो फिटनेस इंफ्लूएंसर बन गईं और उसी साल दिसंबर 2019 में उन्होंने ओन्लीफैंस के लिए अपने स्ट्रेचिंग वीडियोज बनाना शुरू कर दिया।

हफ्ते में दो दिन वीडियो बनाकर कमाती है लाखों रुपए

अब वो अपने पार्टनर जस्टिन गार्शिया के साथ वीडियोज डालती हैं जिसमें वो बोल्ड अंदाज में नजर आती हैं और फुटबॉल की तरह अपने आप को अलग-अलग अंदाज से मोड़ती हैं। वो हफ्ते में ज्यादातर वक्त खुद को ट्रेन करती हैं और सिर्फ एक या दो दिन वीडियोज बनाने को देती हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पढ़ाई घर पर ही हुई है इसलिए उन्हें बचपन से ही बेंडिंग, स्ट्रेचिंग की प्रैक्टिस करने का काफी वक्त मिल गया।

मलेशिया की अमिर्था है चलता-फिरता एटलस

पल में पहचान लेती है 254 राष्ट्रीय ध्वज

कुआलालम्पुर। मलेशिया के पेनांग में रहने वाली इस बच्ची का नाम अमिर्था मातिवन्नान है। अमिर्था ने मात्र 4 मिनट 21 सेकंड में 254 देशों के झंडे पहचान कर वर्ल्ड रिकॉर्ड ही बना डाला। ये रिकॉर्ड कलाम वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। इसके अलावा तीन अलग-अलग ऑर्गेनाइजेशन ने भी इसे अप्रूव किया है। इसमें कनाडा के किड्स वर्ल्डस रिकाड्र्स, इंटरनेशनल बुक्स ऑफ़ रिकाड्र्स और जैकी बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकाड्र्स शामिल है। तीनों ने पेनांग की इस छोटी होनहारके रिकॉर्ड को को सर्टिफाई किया है। वर्ल्ड ऑफ़ बज से बातचीत में अमिर्था की मां शालिनी ने बताया कि अमिर्था ने मार्च में ही झंडों में दिलचस्पी शुरू की थी। इससे पहले उसका झंडों में कोई इंट्रेस्ट नहीं था। मार्च में उसकी स्कूल की छुट्टियां थी। तब ही उसने देश के झंडों के नाम और उन्हें पहचानने की शुरुआत की थी। मार्च से की गई शुरुआत और अप्रैल के आखिर में वर्ल्ड रिकॉर्ड बना लेना वाकई बड़ी बात है। अमिर्था की मां के मुताबिक़, उन्हें भी नहीं पता था कि उनकी बेटी की याददाश्त इतनी तेज है।

KALAM'S WORLD RECORDS
Certificate

दुनिया का सबसे बड़ा हल! 30 हजार किलो था वजन, सालों तक किसानों के लिए रहा मददगार

म्यूनिख। आकाश में आपने तारों से बना हल तो जरूर देखा होगा। तारों के इस समूह को सप्तऋषि मंडल कहते हैं। यहां हम आपको आकाश में दिखने वाले विशाल हल की नहीं, बल्कि धरती पर मौजूद विशाल हल के बारे में बताने जा रहे हैं। ये दुनिया का सबसे बड़ा हल था जो सालों पहले मौजूद था। इसका वजन 30 हजार किलो तक था पर अब ये अनोखी चीज म्यूजियम की चहारदीवारी में कैद हो चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार इस हल को ओटोमेयर मैमट कहते हैं। इसका काम दलदल को खेती के लिए उपजाऊ जमीन बनाने के लिए किया जाता था। आपको जानकर हैरानी होगी कि ये हल 2 मीटर तक गड्ढा खोद दिया जाता था जिसके जरिए खेत जोता जाता था। उत्तरी जर्मनी का एम्सलैंड जिला दलदली इलाका बन चुका था और 1700 के दौर से ही रहने के लिए अयोग्य माना जाता था। पर 20वीं सदी की शुरुआत में पश्चिमी जर्मनी की सरकार ने तय किया कि वो इलाका, तरक्की के मामले में देश के अन्य इलाकों की तुलना में पिछड़ गया है। तब उसे उपजाऊ बनाने की मुहिम छेड़ी गई।



किसानों ने जमीन को सैकड़ों सालों तक खाली छोड़ा हुआ था, पर जर्मनी के एक इंजीनियर ओटो मेयर ने इस चुनौती को स्वीकार किया और जमीन को उपजाऊ बनाने में लग गए। वो स्टीम ट्रैक्टरों को बनाने के लिए जाने जाते थे। इतने बड़े इलाके को जोतने के लिए उनकी टीम ने दिन-रात काम कर एक विशाल हल बना लिया। इस हल में 4 शक्तिशाली स्टीम ट्रैक्शन इंजन लगाए गए थे जिससे इंसानी इतिहास के सबसे बड़े हल को खींचा जा सके।

धातु की रस्सी से खींचते थे हल

इसका वजन 30 टन यानी 30 हजार किलो था। उसके बड़े पहिए 4 मीटर व्यास के थे और विशाल ब्लेड जमीन में 2 मीटर तक गड्ढा खोद सकते थे। ये इतना भारी था कि इसे कोई ट्रैक्टर नहीं खींच सकता था। इसलिए एक चरखे जैसी मशीन लगाई गई थी जिसमें 4 ट्रैक्शन इंजन लगे थे। ये इंजन जमीन के दो साइड लगाया जाता था जो धातु की रस्सियों के जरिए हल को खींचता था। 1950 के दशक में ऐसे 12 हल बनाए गए थे। 12 सालों में इस हल से 17 हजार हेक्टेयर जमीन को जोता गया था और दलदल से बदलकर उन्हें उपजाऊ बनाया गया था। हल को हफ्ते में 6 दिन, 12 घंटे के लिए चलाया जाता था। मार्च अंत या अप्रैल की शुरुआत से लेकर अक्टूबर तक जमीन को जोता जाता था। आज के वक्त में ये जगह दुनिया की सबसे उपजाऊ जगह में से एक बन चुकी है।

सड़क हादसे में बाइक सवार एक की मौत, दूसरा गम्भीर रूप से घायल

प्रखर महराजगंज (जौनपुर)। बीती मध्य रात्रि बाइक व महेन्द्रा कार के एक्सीडेन्ट में वाइक सवार की मौके मौत हो गयी वाइक पर पीछे बैठा दूसरा व्यक्ति की हालत चिन्ताजनक है जिसका इलाज जौनपुर अस्पताल में हो रहा है। जौनपुर जिले का पश्चिम छोर राजाबाजार जो प्रतापगढ वार्डर से सटा है घटना बीती रात राजाबाजार (सरायपरशुराम)निवासी दीपू माली उम्र तकरीबन 30 वर्ष जो वर्षो से शादी विवाह जैसे शुभ अवसरो पर जयमाल मंडप स्टेज दुल्हा दुल्हन की गाडी सजाने का काम करता है !शादी के शुभ अवसर पर रविवार दीपू माली पुत्र कृष्णप्रसाद माली अपने अन्य साथियो के साथ प्रतापगढ के चिलावा गांव मे एक वैवाहिक कार्यक्रम मे मंडप व जयमाल सजाकर वाइक से साथी को पीछे बैठाकर रात्रि 11बजे के करीब घर राजाबाजार वापस आ रहा था कि घर के नजदीक करीब दो किमी पहले ही आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के उदई शाहपुर में पीछे से तेज रफ्तार मे आ रही कत्थे रंग की महेन्दा थार ने बाइक को टक्कर मारते बिजली के खम्भे को तोड़ती नीम के पेड से टकराई चालक बाल बाल बच । रात समय होने के वजह से भागने में कामयाब हो गया। वही बाइक सवार दीपू माली की मौके पर मौत हो गयी दूसरा व्यक्ति सोनू पुत्र मुहरम निवासी सरायपरशुराम राजाबाजार की रीढ की हड्डी व हाथ पैर टूट गया जिसकी हालत चिन्ताजनक बताई जा रही है! पुलिस द्वारा रात मे कोई कार्यवाही न होने से छुब्ध परिजन सुबह दीपू माली का शव राजाबाजार इन्दिरा चौराहा पर रख कर सड़क जाम करने लगे तभी राजाबाजार चौकी की पुलिस द्वारा समझाया गया कि घटना स्थल आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र का है इस प्रकरण का एफआईआर वही थाना से होगा ! राजाबाजार निवासी दीपू माली 30 की बीती रविवार रात एक्सीडेंट मे मौत हो जाने से पत्नी रीता पुष्कर व माता लक्ष्मी देवी का रो रोकर बुरा हाल है पत्नी रोतो रोते बेहोश हो जा रही है मां लक्ष्मी अपने बुढापे के सहारे पर रो रो के बेसुध है पत्नी का रह रह कर होश आने पर वह अपनी दोनो नन्ही मुन्नी बच्ची को पकड़कर दहाडे मार गिर जा रही है कि अब इन दोनो ब्च्चियो की देखभाल कौन करेगा किसे पापा कहकर नन्ही मुन्नी बच्ची बुलायेगी किससे अपनी किताब मंगवायेगी ! बडी बेटी अनन्या 4 वर्ष व शेषा करीब डेढ वर्ष की गुमसुम खडी है दीपू दो भाइयो मे छोटा है बडा भाई धर्मेन्द्र भी माली का काम करता है।

भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर मौत, एक अन्य की हालत गंभीर

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बिरनो थाना क्षेत्र में स्थित मीरपुर गांव के दो युवकों की भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई वही एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा की जानकारी होते ही परिवारजनों में कोहराम मच गया। हादसा तब हुआ जब डीजे लेकर जा रहा पिकअप बेकाबू हो गया और ट्रक में जा घुसा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरनो थाना क्षेत्र के मीरपुर निवासी अंकित कुमार उम्र 18, मुकेश कुमार उम्र 19, और अजय कुमार उम्र 17, शनिवार की रात डीजे लेकर बलिया जा रहे थे सभी बलिया जिले के रसड़ा के पास खड़ी ट्रक में डीजे लगा मैजिक वाहन अनियंत्रित होकर जा घुसा। इस हादसे में अंकित और मुकेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक अजय गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने 108 नंबर एंबुलेंस से जिला अस्पताल बलिया के लिए भेज दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल अजय कुमार को भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति होने पर गैर जनपद के लिए रेफर कर दिया गया। इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। पुलिस ने दोनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रसायन उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार में स्वत्रंत निदेशक, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा चंद्रभूषण पाण्डेय ने मारकण्डेय महादेव दरबार में किया दर्शन-पूजन व जलाभिषेक

प्रखर चौबेपुर वाराणसी। श्री मारकण्डेय महादेव धाम में प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता व सयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठ श्री पांडेय जी ने दर्शन पूजन के साथ साथ माँ गंगा -गोमती संगम तट भी पर भी गए। श्री पांडेय इलाहाबाद विश्वविद्यालय से मास्टर ऑफ साइंस (स्वर्ण पदक विजेता) की उपाधि प्राप्त की है।

इन्होंने 2008 तक एमपी पीसीएस और यूपी पीसीएस के रूप में कार्य किया है। वे एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं और अपने काम के माध्यम से मिशन 'कल के लिए पानी' की स्थापना की, प्रयागराज में ग्रीन अर्थ आश्रम की स्थापना की, 'अष्ट वृक्षारोपण' अभियान शुरू किया, यूपी विकास फाउंडेशन (यूपीडीएफ) की स्थापना की) जो 'आओ तालाब चलें' अभियान के माध्यम से तालाबों के विकास और संरक्षण के लिए आन्दोलन करते हुए 'लिविंग सॉयल प्रोग्राम' के माध्यम से जैविक खेती अभियान को समर्पित विशेषज्ञों की समिति के माध्यम से विशेषज्ञ एवं नागरिक समूह के सहयोग से लक्ष्य विकसित उत्तर प्रदेश को समर्पित है। इनके साथ सामाजिक कार्यकर्ता अवनीश पाठक, गुंजन मिश्र, राजेन्द्र चौबे, राहुल सोनी,तनुज मिश्र,गौरव गिरी, नितेश गिरी सहित समाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

योग नुक्कड़ सभा से जागरूक हुए गोरखपुरवासी

प्रखर गोरखपुर। जिले के विभिन्न पार्कों में निःशुल्क योग शिविर लगा कर दे रहे योग संदेश योगाचार्य धर्मेंद्र प्रजापति ने आज नौकायन केंद्र तारामंडल में योग नुक्कड़ मनोरंजन कैम्प सभा लगाकर गोरखपुर जनता को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं जिसमें सैकड़ों महिलाएं उनके साथ इस मुहिम को बढ़ाने हेतु योग करके संदेश देने का कार्य कर रही हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोरखपुर दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व नियंता व जोन्हा देवी शिवनाथ प्रसाद मेमोरियल ट्रस्ट के संस्थापक प्रो. डॉ गोपाल प्रसाद को समानित किया गया । डॉ गोपाल प्रासाद ने ओम फिटनेस योग शिविर के सेवा कार्य को देखते हुए हजारों से अधिक जनसंख्या मे अपनी विचारों को साझा करते हुए बताये कि जीवन को स्वस्थ व निरोगमय बनाने हेतु योग ही एकमात्र माध्यम हैं जिसपर चलकर शरीरिक विकास के साथ साथ सर्वांगीण विकास के तरफ बढ़ा जा सकता हैं। योग नुक्कड़ सभा में योग की सुंदर प्रस्तुति अदिति, राम , रानी , सरिता देवी , रिया गुप्ता , नीलू यादव , इंदु देवी , बेबी सिंह , मीरा देवी , विनोद कुमार शुक्ला , व्यास चौरसिया इत्यादि नारी और पुरुष शक्तियों ने योग कर- के हजारों लोगों के दिलों को जीतने का कार्य किया। कार्यक्रम दौरान प्रमोद गौड़ , मुकेश साहनी , अनूप प्रजापति , नीतू सिंह , रागनी सिंह , सरिता देवी , किरण यादव , आशा देवी , प्रियंका तथा जतेपुर , पन्त पार्क , महन्त दिग्विजयनाथ पार्क की सभी नारी व पुरूष शक्ति या समीलित होकर योगाचार्य के साथ सन्देश देने का कार्य किया।

राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अमरजीत ने जीता कांस्य पदक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। 30वें उत्तर प्रदेश राज्य ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 6 और 7 मई को वाराणसी में किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन गाजीपुर जनपद के मनिहारी विकासखंड अंतर्गत मोहब्बतपुर निवासी अमरजीत राजभर ने पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। जबकि पुरुषों के गोला फेंक प्रतियोगिता में कामाख्या सिंह ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए छठा स्थान प्राप्त किया।

अमरजीत राजभर के इस उपलब्धि पर गाजीपुर एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अमरजीत सिंह एवं सचिव डॉक्टर रूद्र पाल यादव, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आनंद यादव, टाउन नेशनल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य और एथलेटिक्स संघ के चयन समिति के चेयरमैन डॉक्टर अनिल कुमार विश्वकर्मा और दिवाकर यादव, नागेंद्र शर्मा, अशोक कुशवाहा ने बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

पति को बेहोश कर पत्नी लाखों रुपए के जेवरात लेकर फरार

प्रखर बदलापुर (जौनपुर)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रारी खुर्द गांव में पत्नी ने अपने पति को रात में बेहोश करके एक लाख ज्यादा के गहने को लेकर लापता हो गई है। घटना 3 मई रात की है।गांव निवासी सुशील विश्वकर्मा ने पुलिस को इस बात की लिखित तहरीर दिया है कि उसकी पत्नी मंजू विश्वकर्मा 25 वर्ष उसे रात में 11 बजे कुछ सुधाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद वह घर से एक लाख से ऊपर की कीमत का जेवरात और कपड़ा वगैरह घर से लेकर भाग गई 4 मई को 7 बजे सुबह जब वह उठा तो घर में बाहर और रिश्तेदारी में तलाशने के बाद पत्नी का कहीं कोई पता नहीं चला प्रभारी निरीक्षक विनीत राय ने बताया कि इस प्रकरण में पीड़ित पति की तहरीर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

चोलापुर सब स्टेशन और पावर हाउस पर आमजन के समस्याओं को सुना गया और क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को अच्छे ढंग से सुदृढ़ करने पर चर्चा हुआ

प्रखर दानगंज वाराणसी। भारी उद्योग मंत्री भारत सरकार व लोकप्रिय सांसद चंदौली डॉ महेंद्र नाथ पांडे के दिशानिर्देश पर हर महीने के सोमवार के भाती आज भी अजगरा विधानसभा के चोलापुर पावर हाउस पर विद्युत विभाग के अधिकारि एसडीओ अमित कुमार के साथ क्षेत्र से आए आगंतुकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना एवं निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। गया कुछ गांव जैसे सुल्तानीपुर ग्राम सभा में पोल तो गड़े हुए तीन साल हो गया पर अभी तक उसपर ना तो तार पहुंचा ना ही ट्रांसफार्मर इसी तरह सुवारी गांव में तीन ट्रांसफार्मर ऐसे हैं जो लगे तीन साल हो गए पर आजतक पावर सप्लाई नहीं हो पाया ट्रांसफार्मर की कुछ टेक्निकल फाल्ट है एसडीओ अमित कुमार ने आश्वासन दिया कि यह सब कार्य जल्द से जल्द पूरा कर ली जाएंगे और विद्युत प्रतिनिधि जयप्रकाश पांडे ने बताया कि चोलापुर क्षेत्र मैं जल्द से जल्द पुराने जर्जर तार को केवल में बदलने का कार्य किया जाएगा चोलापुर क्षेत्र में जल्द ही एक नए फिटर का कार्य भी चालू हो जाएगा ताकि विद्युत कटौती से जनता को राहत मिल सके अभी ओवरलोड होने की वजह से पावर कट का समस्या आ रहा है विद्युत प्रतिनिधि जय प्रकाश पांडे ने बताया कि माननीय सांसद डॉ महेंद्र नाथ पांडे जी का यह सोच है कि हमारे वाराणसी के संसदीय क्षेत्र में विद्युत का कोई समस्या ना रह पाए मौके पर बीजेपी के चोलापुर मंडल महामंत्री प्रमोद पांडे ,चोलापुर मंडल मीडिया प्रभारी राहुल चौबे, प्रियांशु मिश्रा, यस भान सिंह(सोनू सिंह) ,रितेश सिंह ,अखिलेंद्र चौबे आदि लोग मौके पर मौजूद रहे।

पीएम मोदी की प्रेरणा से एक मिशन के रूप में निःशुल्क योगा का दे रही प्रशिक्षण निक्की मद्देशिया

कहा कि अपनी संस्था हरिओम योगा के माध्यम से सभी को निरोग रखने का कर रही प्रयास, कैम्प लगाकर भी देती हूं प्रशिक्षण

प्रखर कुशीनगर। बाल्यकाल व वृध्दावस्था ऐसी दो अवस्था हैं, जब शारीरीक दुर्बलता के चलते दुसरो की सहायता की सख्त जरूरत होती है और शरीर को निरोग रखना एक चुनौती होती है, ऐसे में कोई आकर सहारा दे तो चर्चा होना लाजिमी हैं। फाजिलनगर विकास खण्ड के जोकवा में एक ऐसी महिला हैं जो अपनी जिंदगी को एक मिशन के रूप में जी रही हैं और नारी सशक्तिकरण के दावे को और मजबूती दे रही हैं, और दूसरों को भी समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा दे रही हैं। उनका यह जोश, जुनून व जज्बा महिलाओं को अबला के रूप में देखने वालों के लिए एक सबक हैं। इसे बेटी पढ़ाओ व बेटी बचाओ अभियान की सफलता से जोड़कर देखा जा सकता है कि महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं और समाज को भी अपना योगदान दे रही हैं । कहते हैं कि मजबूत हौसलो की धार से हम अपनी राह खुद बना सकते है, इस बात को सच साबित कर दिया है जोकवा कि निक्की मद्देशिया ने, जो लोगों को स्वस्थ रखने के इरादों के साथ बुजुर्ग, बच्चो को निःशुल्क योगा का प्रशिक्षण लगातार दो साल से दे रही है। साथ ही जगह जगह कैम्प का आयोजन करके भी निःशुल्क प्रशिक्षण देने के कार्य को बढ़ा रही हैं। वह बताती है कि देश के पीएम मोदी जी व राज्य के सीएम योगी जी स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने के लिए योगा को अपनाने की सलाह देते रहे हैं, मोदी जी ने योग को विश्व मे पहचान दिलाई है, जिनसे प्रभावित होकर व उनकी प्रेरणा से हम एक मिशन के रूप में कार्य कर रही हूं और बच्चों, बुजुर्गों को निःशुल्क योगा प्रशिक्षण देकर उन्हें निरोग रखने का प्रयास कर रही हूं। उन्होंने बताया कि सर्दियों की कडकड़ाती सुबह हो या मानसून का भीगता सबेरा हो, योगाभ्यास का सिलसिला रुकता नही है। मेरे इस कार्य मे मेरी दो बेटियां तन्नू व मन्नू जो यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में क्रमशः 70 व 86.2 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण की हैं के साथ ही परिजनों का भी भरपूर सहयोग व समर्थन मिलता हैं। मेरे द्वारा गावो में या धार्मिक आयोजन में मेरी संस्था हरिओम योगा जोकवा बाजार के द्वारा कैम्प लगाकर लोगो को निःशुल्क योग का प्रशिक्षण दिया जाता है।

मुख्तार के करीबी अंगद राय की पेशी 15 मई को

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भांवरकोल विकासखंड के शेरपुर खुर्द गांव निवासी अंगद राय की मुश्किल और बढ़ती ही जा रही। बहुचर्चित डिलिया निवासी पप्पू गिरी धमकी की फिरौती कांड में मुख्तार अंसारी के करीब माने जाने वाले अंगद राय को 15 मई को गाजीपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस दौरान अंगद ने खुद की जान को खतरा बताते हुए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था दिए जाने के लिए कोर्ट में गुहार लगाई है। गत मार्च महीने में डीलिया गांव निवासी पप्पू गिरी ने आरोप लगाते हुए कहा था की अंगद राय के इशारे पर अमित राय और विश्वनाथ राय ने पप्पू गिरी को एक पुराने मामले में गवाही नहीं देने की धमकी दी थी। साथ ही उन दोनों ने 5 लाख की फिरौती की भी मांग की थी। पप्पू गिरी ने तत्काल सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ ही पुलिस के आला अधिकारियों से अपनी सुरक्षा को लेकर गुहार लगाई थी। अंगद राय पिछले दिनों शराब की कुछ मात्रा के साथ बिहार में पकड़ा गया। जिसके बाद से वह भभुआ जेल में निरूद्ध है। पुलिस ने विश्वनाथ अमित और अंगद तीनों पर 25-25हजार का इनाम घोषित किया है। विश्वनाथ को गाजीपुर पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है वही अमित राय को हाईकोर्ट से इस मामले में अग्रिम जमानत मिल चुकी है। मार्च महीने में अंगद राय पर गैंगस्टर एक्ट का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में अंगद को कोर्ट में पेश किया जाना है पहले पेशी 13 मई को होनी थी लेकिन निकाय चुनाव की मतगणना होने के कारण अब 15 मई को की जाएगी। अंगद को भभुआ से गाजीपुर लाने के लिए पुलिस ने कोर्ट से वारंट बी भी हासिल कर लिया है।

संक्षिप्त खबरें

बैंक में चेकिंग कर दिलाया सुरक्षा का एहसास

ग्राहक सेवा केंद्र
Customer Service Point
SBI

प्रखर कुशीनगर। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देश के क्रम में आज जनपद कुशीनगर के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी को बैंको की चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में जनपद कुशीनगर के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंको के आस-पास तथा बैंक के अन्दर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों को चेक किया गया तथा बैंक में मौजूद लोगों को सुरक्षा के दृष्टिगत जागरुक किया गया एवं बैंक ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्क रहते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

भीषण गर्मी के कारण प्यासे नागरिकों हेतु भाविप द्वारा निःशुल्क जल सेवा का शुभारंभ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। ग्रीष्म ऋतु ने दस्तक दे दी है और मौसम की गर्मी को ध्यान में रखते हुए भारत विकास परिषद् काशी प्रदेश उत्तर मध्य क्षेत्र द्वितीय के नीलकण्ठ शाखा द्वारा महमूरगंज स्थित अनिल चौरसिया के प्रतिष्ठान पर शाखा के अध्यक्ष राकेश मौर्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल कुमार सिंह, राजन अग्रवाल ने प्रथम निःशुल्क प्याऊ जल सेवा का शुभारंभ किया। इस पुनीत कार्य में वरिष्ठ सदस्य संकटा प्रसाद अस्थाना, सह सचिव सुनील अग्रहरी सहित अन्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

संदिग्ध परिस्थितियों में स्टाफ नर्स की मौत

प्रखर चंदवक जौनपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी में तैनात संविदा स्टाफ नर्स की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। जाफरपुर, मेहनगर, आजमगढ निवासी फतेह बहादुर की पुत्री पूनम चौहान (27) वर्ष सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी में जनवरी 2020 से संविदा पर स्टाप नर्स के रूप में कार्यरत थी।वह निजी मकान में किराए का कमरा लेकर रहती थी।उसके साथ एक अन्य महिला कर्मी भी रहती थी देर रात उसे पेट में गैस की समस्या के साथ ही दर्द महसूस हुई।साथी सहकर्मी की मदद से दवा व इंजेक्शन ली।आराम हुआ तो स्नान की। इसके बाद बेचैनी के साथ हालत बिगड़ी तो सहकर्मी सीएचसी लेकर पहुंची जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।डॉक्टरों का कहना था कि मौत हार्टअटैक से हुई प्रतीत हो रही है। सूचना पर पहुंचे पिता ने कहा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ ही निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

कुत्ते ने पेश की वफादारी की मिशाल

प्रखर पिंडरा वाराणसी। मालिक के प्रति वफादारी की जब बात आती है तो कुत्ते का जिक्र होता है , कुत्ते ने हमेशा अपनी जान की परवाह न करते हुए हमेशा मालिक की जान बचाकर अपनी स्वामी भक्ति दिखाई है। कुछ इसी तरह का एक मामला पिण्डरा क्षेत्र के रमईपुर गाँव मे बीती रात घटी। जब एक जहरीला नागिन घर मे घुसने का प्रयास कर रही थी तभी घर पर रात में पहरा दे रहा ब्रूनो जर्मन शेफर्ड नस्ल के कुत्ते ने नागिन को घर मे घुसने ही नही दिया बल्कि उसे जान से मार भी दिया ।घटना के बाबत घर के मालिक शचीन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि बीती रात रोज की तरह ब्रूनो घर की रखवाली कर रहा था । तभी देर रात किसी समय जहरीले नस्ल की नागिन घर के बगीचे में से होते हुए संभवतः घर के अंदर जाने का प्रयास करने लगी तभी पोर्च पर बैठा हुआ ब्रूनो ने उसे अंदर जाने से रोक लिया और दोनों की बीच लड़ाई शुरू हो गई। जिसमें ब्रूनो ने नागिन को मार दिया और खुद भी सुस्त होकर एक तरफ बैठ गया सुबह जब उठा तो देखा की सांप के पास ही कुत्ता भी बैठा मिला । जिसकी भी हालत खराब है। चिकित्सक ने उसका इलाज किया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी,
गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं